आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

यश भारत

नये जमाने के साथ

● वर्ष- 16 अंक 233- ● जबलपुर ● रविवार, 25 सितम्बर, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● आश्विन कृष्ण पक्ष-अमावस्या ● विक्रम संवत् 2079 शके 19



# पीएम मोदी को याद आई सर्जिकल स्ट्राइक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज च्मन की बातज् में देशवासियों को संबोधित करते हुए यह ऐलान किया कि 28 सितंबर को भगत सिंह की जयंती के मौके पर चंडीगढ़ एयरपोर्ट का नाम बदला जाएगा। उन्होंने दीनदयाल उपाध्याय को भी जन्मदिन पर श्रद्धांजलि अर्पित की। मन की बात में पीएम मोदी ने कहा, च्मैं सिर्फ दो शब्द कहूंगा लेकिन मुझे पता है, आपका जोश चार गुना ज्यादा बढ़ जाएगा। ये दो शब्द हैं - सर्जिकल स्ट्राइक। हमारे देश में अमृत महोत्सव का जो अभियान चल रहा है उन्हें हम पूरे मनोयोग से सेलिब्रेट करें, अपनी खुशियों को सबके साथ साझा करें।ज्मोदी ने पिछले दिनों भारत में आए चीतों के जिक्र से शुरुआत की और कहा कि MyGov पर उनके नाम सुझाए जा सकते हैं। जलवायु परिवर्तन का जिक्र करते हुए उन्होंने देशवासियों से तटों को साफ रखने की अपील की। मन की बात का प्रसारण ऑल इंडिया रेडियो, दूरदर्शन के अलावा यूट्यूब व अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर हुआ। बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने केरल के एर्नाकुलम में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री मोदी के च्मन की बातज् सुनी।पीएम मोदी ने कहा, इस समय देश में चारों ओर उत्सव की रौनक है। कल नवरात्रि का पहला दिन है। इसमें हम देवी के पहले स्वरूप 'मां शैलपुत्री' की उपासना करेंगे। यहां से नौ दिनों का नियम-संयम और उपवास, फिर विजयदशमी का पर्व भी होगा, यानि, एक तरह से देखें तो हम पाएंगे कि हमारे पर्वों में आस्था और आध्यात्मिकता के साथ-साथ कितना गहरा संदेश भी छिपा है।

# माली, कुक, ड्राइवर को निदेशक बनाकर करोड़ों रुपये का हेरफेर




**कोलकाता, एजेंसी।** शिक्षक भर्ती घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय अब तक आरोपियों की 103.10 करोड़ की संपत्ति को अस्थायी रूप से कुर्क कर चुकी है। इस घोटाले में बंगाल के तत्कालीन शिक्षा मंत्री से लेकर कुलपति से लेकर रसोइयों तक की संलिप्तता सामने आ चुकी है। सत्ता में बैड़े कई नेताओं के भी नाम इससे जुड़ चुके हैं जो पर्दे के पीछे से खेल को नियंत्रित कर रहे थे। तृणमूल कांग्रेस (TMC) के पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी, उनकी करीबी अर्पिता मुखर्जी, तृणमूल विधायक माणिक भट्टाचार्य और यहां तक कि शिक्षक नियुक्ति पैनल के सदस्यों और शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों जैसे कई लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

# ट्रक में जानवरों की तरह ले जा रहे थे छात्रों को कई बेहोश

**गोंदिया, एजेंसी।** महाराष्ट्र के गोंदिया जिले से एक शर्मनाक घटना सामने आई है। गोंदिया के सरकारी आदिवासी आश्रम स्कूल के 120 छात्रों को एक ट्रक में जानवरों की तरह भरकर ले जाया गया। नतीजा ये हुआ कि 120 बच्चों में से कई दम घुटने से बेहोश हो गए हैं। इन्हें एकोदी के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।इन छात्रों को कोयलरी आश्रम स्कूल में खेलने के लिए ट्रक में ले गए थे। कोयलरी से लौटते समय ही छात्र बेहोश हो गए थे।कुछ दिन पहले यूपी के सहारनपुर में खेल अधिकारियों की बड़ी लापरवाही सामने आई थी। सहारनपुर के भीमराव स्टेडियम में 300 महिला कबड्डी प्लेयर्स सब-जूनियर चैंपियनशिप में हिस्सा लेने पहुंचीं थीं। इनके लिए स्वीमिंग पूल में लंच बनाया गया और उसे टॉयलेट में रख दिया गया। इस घटना का वीडियो सामने आने के बाद खेल अधिकारी को सस्पेंड कर दिया गया है।

# घर में घुसकर बदमाशों ने 10वीं के छात्र को मारी गोली

**रीवा, एजेंसी।।** मध्य प्रदेश के रीवा में अपना जन्मदिन मना रहे दसवीं के छात्र के घर में घुसकर चाकू से हमला करने के बाद गोली मारने का मामला सामने आया है। इस हमले में युवक बुरी तरह से घायल हो गया है। घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां पर उसका इलाज चल रहा है।

# गहलोत के बाद राजस्थान का पायलट तय नहीं, रेस में आगे चल रहे 4 नाम

## चौंकाने वाला हो सकता है फैसला



**जयपुर एजेंसी।** राजस्थान में की राजनीति का ऊंट किस करवट बैठेगा, इसको लेकर तमाम तरह की अटकलें जारी हैं। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के कांग्रेस अध्यक्ष बनने की प्रबल संभवानाओं के बीच लगभग यह तय हो चुका है कि जल्द उनका ठिकाना दिल्ली होगा। इधर, राजस्थान में मुख्यमंत्री की कुर्सी को लेकर आज बड़ा फैसला हो सकता है। विधायक दल की बैठक में नए नेता का चुनाव किया जा सकता है। 2018 से ही च्सब्रज्करके बैठे सचिन पायलट सबसे बड़े दावेदार माने जा रहे हैं। कांग्रेस आलाकमान खासकर राहुल और प्रियंका गांधी पायलट के पक्ष में बताए जा रहे हैं। हालांकि, गहलोत इसके लिए अभी तक तैयार नहीं है और राजनीति के जादूगर कहे जाने वाले वरिष्ठ नेता अपने दांव से चौंका सकते हैं।

2020 में बगावत के लिए अब तक पायलट को माफ नहीं कर पाए गहलोत राजस्थान पर अपनी पकड़ बरकरार रखना चाहते हैं। राजनीतिक जानकारों की मानें तो राहुल गांधी की ओर से च्एक व्यक्ति एक पदज्का संकल्प याद दिलाए जाने के बावजूद गहलोत एक और कोशिश करेंगे कि अध्यक्ष बनने के बाद भी राजस्थान में सीएम की कुर्सी अपने पास रखें। वह समर्थक विधायकों के जरिए विधायक दल की बैठक में अपने लिए आवाज उठवा सकते हैं। वह आलाकमान को संदेश दे सकते हैं कि उनके हटने से राजनीतिक अस्थिरता का माहौल बनेगा और अगले साल होने जा रहे हे चुनाव में भाजपा इसका फायदा उठा सकती है।

गहलोत के मुख्यमंत्री बने रहने की कोशिश और सचिन पायलट के उत्तराधिकारी की रेस में सबसे आगे होने के अलावा कुछ और चेहरों पर भी चर्चा चल रही है। पायलट के अलावा विधानसभा अध्यक्ष सीपी जोशी भी प्रबल दावेदार माने जा रहे हैं। 2008 के चुनाव में महज एक वोट से हार की वजह से मुख्यमंत्री बनते बनते रह गए सीपी जोशी को गहलोत का भी समर्थन प्राप्त है। ब्राह्मणों की कथित नाराजगी दूर करने को लेकर पार्टी उन्हें आगे कर सकती है। सीपी जोशी 4 बार केंद्रीय मंत्री रह चुके हैं। उन्हें राहुल गांधी का विश्वास भी हासिल है। जोशी ने सियासी संकट के समय गहलोत की सरकार बचाने में अहम भूमिका निफाई थी। इसके अलावा गहलोत के बेटे वैभव को आरसीए पर काबिज होने में भी मदद की थी। हालांकि, पिछले कुछ सालों में सीपी की कम हुई सक्रियता उनके खिलाफ जाती है। आचार्य प्रमोद ने खुलकर की सचिन पायलट को ष्टरू बनाने की मांग, बोले- पायलट को इंसाफ मिलना चाहिएसीपी जोशी के अलावा बीडी कल्ला का भी नाम चर्चा में है, जो ब्राह्मणों के जानेमाने नेता हैं।



# अंकिता भंडारी की मौत पानी में डूबने से हुई

**ऋ षिकेश एजेंसी।** उत्तराखंड के अंकिता भंडारी मर्डर केस में पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट सामने आई है। जिसमें खुलासा हुआ है कि अंकिता की मौत पानी में दम घुटने से हुई। साथ में यह भी पता चला है कि पानी में धक्का देने से पहले उसे पीटा गया था। उसे किसी मोटी चीज से मारा गया था। पोस्टमार्टम की शुरुआती रिपोर्ट में शरीर पर चोट के निशान मिले हैं। हालांकि, इस रिपोर्ट में सेक्शुअल एब्यूज या रेप के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है।अंकिता की हत्या के आरोप में तीन आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं। अंकिता का शव शनिवार सुबह बरामद हुआ था। हत्या का आरोप राज्य के पूर्व मंत्री विनोद आर्य के बेटे पुलकित पर है। 19 साल की अंकिता उसके रिसॉर्ट में रिसेप्शनिस्ट थी। प्रशासन ने शुक्रवार रात को पुलकित के रिसॉर्ट को बुलडोजर चलाकर ढहा दिया। शनिवार को गुस्साए लोगों ने उसमें आग लगा दी।

**पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में चोट के निशान का जिक्र, रेप का नहीं; परिजनों ने अंतिम संस्कार रोका**

भाजपा ने आरोपी के पिता को पार्टी से निकाला, भाई का पद छीना इस घटना के बाद भाजपा ने शनिवार को पुलकित के पिता विनोद आर्य को पार्टी से निकाल दिया। वे भाजपा नेता और उत्तराखंड सरकार में मंत्री रह चुके हैं।



# आज सोनिया गांधी से मिलेंगे लालू-नीतीश

**नई दिल्ली, ईएमएस।** साल 2024 के आम चुनावों से पहले विपक्षी दल एकजुट होने की कोशिश में जुटे हैं। बड़ी खबर यह है कि आज दिल्ली में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और आरजेडी प्रमुख लालू यादव की कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से मुलाकात होगी। इस मुलाकात को बहुत अहम माना जा रहा है। दरअसल, विपक्षी दलों का एक धड़ा ऐसा है जो कांग्रेस को तवज्जो नहीं दे रहा है। वहीं भाजपा से अलग होने के बाद नीतीश कुमार ने विपक्षी दलों का एकजुट करने का जिम्मा उठाया है और वे सभी से मिल रहे हैं। नीतीश ने कहा था कि वे सोनिया गांधी से भी मिलेंगे। आज यह होने जा रहा है। पांच साल से अधिक समय के बाद यह पहला मौका है जब तीनों नेता एक साथ नजर आएंगे। फतेहाहाद में आईएनएलडी की रैली में हिस्से लेने के लिए नीतीश कुमार और लालू यादव दिल्ली आए हैं। इसी दौरान सोनिया गांधी से मिलेंगे।हरियाणा में विपक्षी दलों की बड़ी रैली होने जा रही है। इसमें एनसीपी प्रमुख शरद पवार, शिवसेना के उद्धव ठाकरे और डीएमके की कनिमोझी, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और नेकां नेता फारूक अब्दुल्ला हिस्सा लेंगे। हरियाणा के फतेहाबाद में इनेलो ने इस रैली का आयोजन किया है। दूसरी ओर राजद नेता और बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, सीपीएम के सीताराम येचुरी और भाजपा के बीरेंद्र सिंह भी पूर्व उप प्रधान मंत्री और इनेलो के संस्थापक देवी लाल की जयंती के अवसर पर रैली में शामिल होंगे। इस मौके पर इनेलो (ढ्ढह्रुस्ठ) नेता और हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला ने जनसभा में भाग लेने के लिए पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव और टीडीपी के चंद्रबाबू नायडू सहित कई अन्य क्षेत्रीय दिग्गजों को भी निमंत्रण भेजा है। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव को भी न्योता दिया गया है।

**INLD की रैली में भी जुटेंगे विपक्षी नेता**

# आंतकी संगठनों का सॉफ्ट टारगेट बना मध्य प्रदेश !

# PFI के सदस्यों से पूछताछ में हुआ खुलासा, आतंकी हमले के थे आसार




**भोपाल, ईएमएस।** मध्य प्रदेश में NI द्वारा PFI के ठिकानों पर छापेमारी और गिरफ्तारी के बाद आरोपियों से पूछताछ में कई खुलासे हो रहे हैं। एनआईए ने अनुसार मध्य प्रदेश आतंकियों के निशाने पर था। साथ ही एमपी आतंकी संगठनों का सॉफ्ट टारगेट बन गया था। यहां सिमी, जेएमबी, सूफा, आईएस समेत कई आतंकी संगठन सक्रिय हो रहें हैं। दरअसल प्रदेश में पीएफआई के देश विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के पक्के सबूत के बाद इंदौर और उज्जैन में रेड की कार्रवाई की गई थी। कार्रवाई में संगठन के मुखिया समेत चार लोग गिरफ्तार किए गए हैं। सूत्रों की माने तो प्रदेश में पीएफआई के 6 हजार सदस्य सक्रिय है। और इंदौर, उज्जैन समेत मालवा में 2500 सदस्य एक्टिव है। जानकारी के अनुसार पीएफआई का गरीब लोगों और आदिवासी पर फोकस था। मॉर्निंग वॉक ग्रुप बनाकर युवाओं का ब्रेनवाश करते थे। साथ ही कट्टरपंथी विचारधारा का प्रचार कर युवाओं को देश के खिलाफ बरगलाने का काम कर रहे थे। इंदौर और उज्जैन से गिरफ्तार चार पीएफआई से पूछताछ की जा रही है। बता दें कि इंदौर और उज्जैन में एनआईए ने छापेमारी कर टेरर फंडिंग मामले में क्करूढ्ढ के 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया। जिन्हें शुक्रवार को चिकित्सकीय परीक्षण कर कोर्ट में पेश किया गया। जिसके बाद विशेष अदालत से एनआईए को आरोपियों की 7 दिन की रिमांड मिली है। मतलब अब 30 सितंबर तक चारों आरोपियों को रिमांड पर ले लिया गया है।

# पुलवामा में आतंकियों ने दो बिहारी मजदूरों को गोली मारी

**श्रीनगर , एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के पुलवामा के खरभातपोरा रत्नीपोरा गांव में आतंकियों ने शनिवार को 2 मजदूरों को गोली मार दी। दोनों बिहार के बेतिया जिले के रहने वाले हैं। मजदूरों की पहचान शमशाद अहमद और फैजान कादरी के रूप में हुई है। दोनों की हालत स्थिर बताई जा रही है। उन्हें पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस घटना के बाद सुरक्षाबलों ने इलाके में घेराबंदी कर सर्च ऑपरेशन शुरू किया है। इससे पहले जम्मू-कश्मीर में 11 अगस्त को टारगेट किलिंग की वारदात सामने आई थी। जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले के सदुनारा गांव में आतंकियों ने एक मजदूर की गोली मार कर हत्या कर दी थी। मजदूर बिहार के मधेपुरा जिला का रहने वाला था। उसकी पहचान मोहम्मद अमरेज (19 साल) के रूप हुई थी। जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले के सदुनारा गांव में आतंकियों ने शुक्रवार तड़के एक मजदूर की गोली मार कर हत्या कर दी है। मजदूर बिहार के मधेपुरा जिला का रहने वाला था। इसकी पहचान मोहम्मद अमरेज (19 साल) के रूप हुई है।

# शहडोल जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में बिजली शार्ट सर्किट से भड़की आग

**शहडोल,यशभारत ।** जिला अस्पताल के ब्लड बैंक के एक कमरे में शॉर्ट सर्किट से आग भड़क उठी। आग से कोई नुकसान नहीं हुआ है, लेकिन यदि समय पर कर्मचारी कंट्रोल नहीं कर पाते तो बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। जानकारी के अनुसार जिस कमरे में लोगों से रक्त लेने की प्रक्रिया की जाती है। उसी कमरे में आग भड़की है। वहां लगे एसी के पास से बिजली का शॉर्ट सर्किट हुआ, जिससे आग लगी और धुंआ निकलने लगा था। ब्लड बैंक आग बुझाने के उपकरण रखे थे, लेकिन वहां ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों को जानकारी न होने के कारण आग बुझाने में देरी हुई और मशक्कत करनी पड़ी। जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉक्टर जी एस परिहार ने बताया कि शनिवार की देर रात ब्लड बैंक के कमरे में शार्ट सर्किट से आग लगी थी और धुआं निकलने लगा था जिस पर जल्द ही काबू पा लिया गया। कोई नुकसान नहीं हुआ है। वहां लगे एसी के कुछ तार जले हैं जिसे ठीक करा लिया जाएगा। आग बुझाने के उपकरण सिलेंडर ब्लड बैंक में रखे हुए हैं। हमने उसकी अभी ऑडिट भी कराई है और सिलेंडर रिफिल करके रखे हुए हैं। जो कर्मचारी ड्यूटी पर थे, उन्हें हो सकता जानकारी नहीं थी, इसलिए वे परेशान हो गए। हमने कर्मचारियों को हिदायत दी है कि जहां वह ड्यूटी करते हैं वहां के सुरक्षा उपकरणों सहित अन्य पूरी जानकारी रखें। सिविल सर्जन ने बताया कि वहां ड्यूटी पर तक निशान तैनात थे और उन्हें जैसे ही जानकारी लगी कि आग लग गई है तो तत्काल काबू पा लिया है।



**बड़ा हादसा टला**

# रूसी सैनिकों ने 4 से 82 साल तक महिलाओं संग की यौन हिंसा

**कीव एजेंसी।** यूक्रेन में रूस की ओर से किए गए अपराधों की जांच को लेकर गठित आयोग ने रूसी सेना पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि यूक्रेन में रूसी सैनिकों ने आम नागरिकों पर भीषण अत्याचार किए। संयुक्त राष्ट्र ने इस साल मार्च में अधिकारों के हनन की जांच के लिए अंतरराष्ट्रीय जांच आयोग बनाया था। जांच रिपोर्ट में कहा गया है कि रूसी सैनिकों ने आबादी वाले इलाकों पर बमबारी की। साथ ही फांसी, यातना और भीषण यौन हिंसा की घटनाओं को अंजाम दिया। संयुक्त राष्ट्र की तीन स्वतंत्र विशेषज्ञों की टीम ने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद को रिपोर्ट सौंपी है। आयोग ने उन जगहों का दौरा किया, जहां लोगों को गिरफ्तार कर रखा गया था। कब्र और अन्य स्थानों पर जाकर आयोग की टीम ने पूछताछ की। टीम ने 27 कस्बों और बस्तियों के साथ-साथ कब्रों और हिरासत व यातना केंद्रों का दौरा किया। करीब 150 से अधिक पीड़ितों और गवाहों का साक्षात्कार लिया। साथ ही उन्होंने वकील समूहों और सरकारी अधिकारियों से मुलाकात की। रूसी सैनिकों ने 4 साल से 82 साल की महिलाओं के साथ यौन हिंसा की। रिश्तेदारों के सामने सैनिकों ने यह अत्याचार किया। यूएन की रिपोर्ट में बताया गया है कि आयोग ने बच्चों का बलात्कार और यातनाओं के मामलों की जानकारी इकट्ठा की है। गवाहों ने कैद में पिटाई, बिजली के झटके और जबरन नग्न करने जैसी यातना के बारे में बताया है।

**कैद में पिटाई, बिजली के झटके देने जैसी यातनाएं**

## गोवंश में तेजी से बढ़ रहा लंपी वायरस संक्रमण

# 36 लाख से ज्यादा गोवंशी पशुओं को लगना है टीका

**भोपाल ,यशभारत।** गोवंश में लंपी वायरस संक्रमण रोग के मामले बढ़ते जा रहे हैं। 26 जिलों में 9955 मामले सामने आ चुके हैं, जबकि एक दिन पहले प्रभावित पशुओं की संख्या 8600 थी। इस तरह एक दिन में एक हजार 355 मामले बढ़ गए हैं। अब तक 128 पशुओं की मौत हो चुकी है। रोग को फैलने से रोकने के लिए कम से कम 20 प्रतिशत पशुओं (गोटपाक्स) का टीकाकरण करना आवश्यक है, ताकि उनमें रोग से लड़ने की प्रतिरोधक क्षमता विकसित हो सके। इस लिहाज से कम से कम 36 लाख डोज की जरूरत है, अब तक दो लाख 86 हजार पशुओं का टीकाकरण किया जा चुका है। इंदौर, उज्जैन, भोपाल और ग्वालियर संभाग के बाद अब जबलपुर में लंपी बीमारी के दो



संदिग्ध पशु मिले हैं। इनमें एक सीहोरा और दूसरा बरेला में है। दोनों के रक्त और स्वाब के सैंपल लेकर जांच के लिए भोपाल स्थित उच्च सुरक्षा पशु रोग अनुसंधान प्रयोगशाला भेजे गए हैं। पशु चिकित्सा विभाग के अपर मुख्य सचिव जेएन कंसोटिया ने बताया कि जहां संक्रमित पशु मिल रहे हैं वहां पांच किमी के दायरे में सभी गोवंशी पशुओं को और बाकी जगह 20 प्रतिशत को टीका लगाने का लक्ष्य है। वहीं गोपालन एवं पशुधन संवर्धन बोर्ड के अध्यक्ष स्वामी अखिलेश्वरानंद गिरी ने बताया कि अभी टीकाकरण को लेकर ज्यादा ध्यान गोशालाओं पर दिया जा रहा है, क्योंकि गोशालाओं में बीमारी फैली तो वहां के सभी गोवशी पशु प्रभावित हो जाएंगे। टीका खरीदने के लिए राशि भारत सरकार से मिल रही है, लेकिन खरीदी पशु चिकित्सा संचालनालय द्वारा की जा रही है। इसके अलावा जिले में पशुपालक समितियों को भी टीका खरीदने के लिए कहा गया है। टीका एक डोज लगाया जाता है जो एक साल के लिए प्रभावी होता है।

# म्यांमार में जॉब स्कैम में फंसे सैकड़ों युवा, दी जा रहीं यातनाए

**नई दिल्ली,एजेंसी।** नौकरी की तलाश में युवा भारत के एक राज्य से दूसरे राज्य में भटकते हैं लेकिन थाईलैंड में काम की तलाश में गए युवा ऐसी जगह फंस गए हैं, जहां का मंजर दिल दहलाने वाला है। गाजियाबाद के आशीष, चेन्नई के मधुसूदन और मुंबई के सुकुमार तीनों सोशल मीडिया पर नौकरी का ऑफर पाकर रवाना तो थाईलैंड के लिए हुए लेकिन उन्हें धोखे से म्यांमार पहुंचा दिया गया। वहां जब उनसे ऑनलाइन फ्रॉड (ऑनलाइन ठगी) का काम करने को कहा गया तो वे सिहर उठे। आशीष खुशकिस्मत थे कि फिरौती देकर किसी तरह छूट गए, माधवन और सुकुमार अब भी यातनाएं झेल रहे हैं। आशीष ने बताया, जुलाई में फेसबुक पर थाईलैंड में एक जॉब का ऑफर देखा और पोस्ट पर कमेंट करके नौकरी में रुचि दिखाई। कंपनी ने एयर टिकट भेजा और 22 जुलाई, 2022 को आशीष ने दिल्ली से बैंकॉक की फ्लाइट पकड़ ली। बैंकॉक से कार के जरिये धोखे से मोई नदी पार कराकर म्यांमार के म्यावाड़ी गांव में पहुंचा दिया गया, जहां एक भवन परिसर में रखा गया। वहां पर ऑनलाइन फ्रॉड करने की 15 घंटे काम की शिफ्ट दी गई। जब आशीष ने मना किया तो टॉर्चर किया जाने लगा। घरवालों ने 3 लाख 60 हजार रुपये की फिरौती देकर उसे छुड़ाया। यही हाल चेन्नई निवासी मधुसूदन (बदला हुआ नाम) का भी है।

**चंगुल से छूटे आशीष ने सुनाई आपबीती**

सर्वपितृ अमावस्या पर सर्वार्थ सिद्धि योग, अमृत सिद्धि योग

# नर्मदा के तटों पर नम आंखों से दे रहे पितरों की विदाई





**जबलपुर, यशभारत।** सर्वपितृ अमावस्या तिथि पर ग्रह, वार नक्षत्रों से मिलकर कुल सात शुभ योग का निर्माण हुआ जिससे यह महापर्व बन गया। शुभ योग में स्नान, दान, श्राद्ध कर्म से पितर साल भर के लिए संतुष्ट होकर पित्तर लोक में विदा हो किए जा रहे हैं। आज उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्र से मित्र नाम का शुभ योग पूरे दिन रहेगा। इसके अलावा शुभ और शुक्ल नाम के साथ सर्वार्थ सिद्धि योग और अमृत सिद्धि योग, वही सूर्य बुध की युति से बुध आदित्य योग और बुध और शुक्र की युति से लक्ष्मी नारायण योग बना। इन शुभ योगों में किया गया। श्राद्ध, तर्पण, पूजापाठ से मिलने वाला पूर्ण फल पितरों को प्राप्त होगा। गौरतलब है कि ज्योतिषियीय गणना के अनुसार चार विशेष योगों के संयोग के साथ आज सर्वपितृ अमावस्या पर नर्मदा तटों पर विशेष तर्पण के आयोजन हो रहे हैं। भादौ माह की पूर्णिमा से शुरू हुए सोलह श्राद्ध का समापन आज पितृ मोक्ष अमावस्या को हो रहा है। जिन लोगों को अपने पूर्वजों की पुण्यतिथि याद नहीं है, वे भी सर्वपितृ अमावस्या पर तर्पण कर हैं। इसके अलावा जो नियमित 16 दिन श्राद्ध पक्ष में तर्पण करते हैं, उनके द्वारा भी आज तर्पण का समापन किया जा रहा है। श्राद्ध कर्म को लेकर ग्वारीघाट में नर्मदा के सभी घाटों पर सुबह से ही बड़ी संख्या में लोग तर्पण करने पहुंच रहे हैं।ग्वारीघाट, उमाघाट, तिलवाराघाट सहित अन्य घाटों पर लोग विधि विधान से तर्पण कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि आसपास के क्षेत्रों में रुक-रुककर बारिश होने की वजह से बरगी बांध के कई गेट खोल दिए गए थे, इससे तटों पर जलस्तर काफी ऊपर तक पहुंच गया। इसके बाद कुछ गेट बंद किए गए और तटों पर पानी का स्तर घटा है। वहीं लोगों को ऐहतियात बरतते हुए यहां पूजा-अर्चना किए जाने की हिदायत दी गई है। गौरतलब है कि गणना के अनुसार चार विशेष योगों के संयोग के साथ आज सर्वपितृ अमावस्या पर विशेष तर्पण के आयोजन हो रहे हैं। भादौ माह की पूर्णिमा से शुरू हुए सोलह श्राद्ध का समापन आज पितृ मोक्ष अमावस्या को हो रहा है। जिन लोगों को अपने पूर्वजों की पुण्यतिथि याद नहीं है, वे भी सर्वपितृ अमावस्या पर तर्पण कर रहे हैं। इसके अलावा जो नियमित 16 दिन श्राद्ध पक्ष में तर्पण करते हैं, उनके द्वारा भी आज तर्पण का समापन किया जा रहा है।

# शारदेय नवरात्र कल से, नौ दिन माताारानी की होगी आराधना



**जबलपुर, यशभारत। शारदेय नवरात्र का नौ दिवसीय पवित्र पर्व सोमवार, 26 सितंबर 2022 को घटस्थापना के साथ ही शुरू हो जाएगा। नवरात्र के पहले दिन मां शैलपुत्री की पूजा होती है। इस दिन लोग माता की चौकी, अखंड ज्योति व देवी प्रतिमा भी स्थापित करते हैं। पंडित वासुदेव शास्त्री के अनुसार नवरात्र में घट स्थापना का विशेष महत्व होता है। इस साल कलश स्थापना का शुभ मुहूर्त सोमवार को सुबह 7.30 बजे से रात्रि बजे 08 बजे तक है। जब भी 9 दिन की नवरात्रि मनाई जाती है तो ये दिन शक्ति की उपासना के लिए बेहद शुभ होते हैं। ये देश में खुशहाली के संकेत हैं। नवरात्र का प्रारम्भ सर्वार्थसिद्धि योग एवं अमृतसिद्धि योग जैसे बेहद विशेष संयोग में हो रहा है। घट स्थापना एवं जवारा प्रात: काल से ही रखना प्रारंभ होंगे परंतु नवरात्र में कुछ विशेष मुहूर्त में यह स्थापना करने से माता अपनी कृपा की वर्षा करती है।पं. रोहित दुबे ने बताया कि इस बार शारदेय नवरात्रि अनेक वर्षों के बाद एक बेहद शुभ संयोग लेकर आ रही है। इन दिनों में मां दुर्गा की उपासना करने का अभूतपूर्व फल मिलेगा। इस वर्ष नवरात्र नौ दिन हो जाने के चलते पूरा संयोग ही बेहद शुभ साबित होने वाला है। नवरात्र का प्रवेश 26 सितंबर को हस्त नक्षत्र कन्या राशि में हो रहा है। सर्वार्थ सिद्धि योग, अमृत सिद्धि योग के साथ रवियोग का संयोग सभी भक्तों को उत्तम फलदाई रहेगा। नौ दिन की नवरात्र में दो सोमवार आ रहे हैं। यह अत्यंत शुभ संयोग है, क्योंकि सोमवार को दुर्गा पूजा का हजार, लाख गुना नहीं बल्कि करोड़ गुना फल मिलता है।सोमवार का स्वामी चन्द्रमा है। ज्योतिष शास्त्र में चन्द्रमा को सोम कहा गया है और भगवान शिव को सोमनाथ। अत: सोमवार के दिन शक्ति की अनेक प्रकार के गन्ध, पुष्प, धूप, दीप, नैवेद्यादि उपचारों से पूजन करने से भगवान शिव अति प्रसन्न होते हैं।महाष्टमी का व्रत तीन अक्टूबर को होगा। माँ दुर्गा का प्रस्थान बुधवार पांच अक्टूबर दशमी तिथि को होगा।**

## मां आदिशक्ति की भक्ति की तैयारियां शुरू शारदेय नवरात्र को लेकर मंदिरों में हो रहा रंग-रोगन, गरबा उत्सव की भी रहेगी धूम

शारदेय नवरात्र के करीब आते ही मां आदिशक्ति की भक्ति की तैयारियां जोर शोर से शुरू हो गईं हैं। मंदिरों, देवी दरबारों में रंग-रोगन किया जा रहा है। मूर्तिकार भी मां भवानी की प्रतिमाओं को गढ़ने, आकार देने में दिनरात जुटे हैं। दूसरी तरफ रास गरबा के आयोजनों की तैयारियां भी की जा रही हैं। अश्विन शुक्ल प्रतिपदा पर 26 सितंबर को शुक्र बुधादित्य योग में शारदेय नवरात्र का आरंभ होगा। इस बार देवी आराधना का पर्वकाल पूरे नौ दिन का रहेगा। नवरात्र में बुध बृहस्पति का केंद्र योग भी बन रहा है। ज्योतिषियों के अनुसार ऐसे विशिष्ट योग संयोग में शक्ति की उपासना से शिक्षा व धन धान्य की प्राप्ति होगी। 26 सितंबर को सोमवार के दिन, हस्त नक्षत्र, शुक्ल योग, किंस्तुघ्न करण तथा कन्या राशि के चंद्रमा की साक्षी में नवरात्र का शुभारंभ होगा। इस बार के नवरात्र संतान की शिक्षा और गृहस्थियों के लिए धन प्राप्ति का विशेष अवसर प्रदान करेंगे। मां आदिशक्ति की भक्ति के लिए शहर के सभी देवी-मंदिरों में रंगरोगन कर मां की आराधना की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। इसी तरह सार्वजनिक दुर्गोत्सव समितियों द्वारा भी जोर-शोर से तैयारियां शुरू हो चुकी है। कोरोना काल के बाद लोगों में इस बार नवरात्र पर्व को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। माता की अगवानी के लिए भक्त भी पूरी तरह से तैयार है और मां आदिशक्ति की भक्ति भी पूरे नौदिन विविध अनुष्ठानों के साथ की जाएगी। शहर के सभी देवी मंदिरों में मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित किए जांएगे। नगर के प्रमुख देवी मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना की तैयारियां पूरी हो गई हैं। संस्कारधानी में कई ऐसे देवी मंदिर है जो अपनी प्राचीनता के लिए पहचाने जाते हैं। इन मंदिरों का इतिहास कल्चुरीकाल से जुड़ा हुआ है। यहां नवरात्र के नौ दिनों तक माता के दरबार में आस्था का मेला भरता है। जहां शहर के अलावा अन्य शहरों से लोग पूजन करने पहुंचते हैं।

### भक्तों की मनोकामना पूरी करतीं हैं मां बगलामुखी



शहर के मध्य सिविक सेंटर स्थित मां बगलामुखी सिद्धपीठ मंदिर में नवरात्र पर्व पर नौ दिन अनुष्ठान चलता है। पुजारी ब्रह्मचारी चैतन्यानंद महाराज द्वारा चारों पहर विशेष पूजन किया जा रहा है। द्विपीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती द्वारा स्थापित बगलामुखी सिद्धपीठ की यज्ञ शाला में मनोकामना अखंड ज्योति कलश की स्थापना भक्तों द्वारा कराई जाती है। 1100 कलशों की स्थापना शहर और शहर से बाहर रहने वाले भक्तों द्वारा कराई जाती है। 51 वेदपाठी वैदिक ब्राह्मणों द्वारा दुर्गा शप्तसती का पाठ किया जाता है। भगवती का प्रातःकाल अर्चन एवं विशेष श्रंगार किया जाता है। प्रतिदिन रात 9 बजे मां बगलामुखी की महाआरती की जाती है।

### तेवर का त्रिपुर सुंदरी मंदिर



भेड़ाघाट रोड पर ग्राम तेवर में मां त्रिपुर सुंदरी का 7 वीं शताब्दी का मंदिर है।जहां दोनों नवरात्र में मातारानी के दरबार में भक्तों की लंबी लंबी कतारें लगती हैं। यह राजा कर्ण देव की नगरी थी और मां त्रिपुर सुंदरी राजा की कुलदेवी थीं। राजा कर्ण दानी प्रवृत्ति के थे और दान करते-करते एक दिन वे कंगाल हो गए। लेकिन राजा कर्ण देव प्रतिदिन सुबह मातारानी का पूजन करने पहुंचते थे। भक्ति से प्रसन्न होकर मातारानी आशीर्वाद स्वरूप राजा कर्ण के वजन के बराबर सोना देती थीं। आज भी अति प्राचीन भगवान के अवशेष मंदिर के आसपास निरंतर खुदाई में मिल रहे हैं। पौराणिक महत्व होने के कारण पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग निरंतर अध्ययन कर रहा है।

### मां काली मंदिर सदर



शहर के सदर क्षेत्र में स्थित इस काली मंदिर में हर मौसम में भक्तों की भीड़ रहती है। लगभग 550 साल पुरानी माता काली की भव्य प्रतिमा गोंडवाना साम्राज्य के दौरान स्थापित की गई थी। प्रतिमा को रानी दुर्गावती शासनकाल में मंडला से लाया जा रहा है। तब प्रतिमा लेकर चल रही बैलगाड़ी यहीं रुक गई। देवी ने रात में काफिले में शामिल एक बच्ची को स्वप्न दिया कि यहीं कर दो। तब यहां प्रतिमा की स्थापना की गई। मान्यता है कि देवी की प्रतिमा को जरा सी भी गर्मी सहन नहीं होती और मूर्ति से पसीना निकलने लगता है। माता को गर्मी से राहत दिलाने के लिए भक्तों ने मंदिर में एसी लगा दिया है। दरबार में बीते 50 सालों से अखंड ज्योत जल रही है इसके अलावा 300 से ज्यादा कलश स्थापित किए गए हैं और 16 अखंड ज्योत जलाई गई है। कहा जाता है कि मंदिर में स्थापित मूर्ति शांत स्वभाव का प्रतीक है इसलिए यहां भक्तों की मनोकामनाएं पूरी होती है।



### बड़ी खेरमाई मंदिर में लगेगा भक्तों का मेला

भानतलैया स्थित बड़ी खेरमाई मंदिर में पूरे नौ दिन मातारानी का मनोहारी श्रंगार किया जाएगा। सुबह से यहां जल ढारने के लिए कतारें लग जाती हैं। यह मेला भी भरता है। मंदिर का इतिहास सैकड़ों साल पुराना है। मां भगवती की 52 शक्तिपीठों में से प्रमुख गुप्त शक्तिपीठ का ज्ञात इतिहास कल्चुरी काल का लगभग 800 वर्ष पुराना है। मंदिर में पहले प्राचीन प्रतिमा शिला के रूप में थी जो वर्तमान प्रतिमा के नीचे के भाग में स्थापित है। मंदिर के पुजारी सुशील तिवारी ने बताया कि एक बार गोंड राजा मदनशाह मुगल सेनाओं से परास्त होकर यहां खेरमाई मां की शिला के पास बैठ गए। तब पूजा के बाद उनमें नया शक्ति संचार हुआ और राजा ने मुगल सेना पर आक्रमण कर उन्हें परास्त किया। 500 वर्ष पूर्व गोंड राजा संग्रामशाह ने मढ़िया की स्थापना कराई थी। पहले के समय में गांव-खेड़ा की भाषा प्रचलित थी। पूरा क्षेत्र गांव के जैसे था। खेड़ा से इसका नाम धीरे-धीरे खेरमाई प्रचलित हो गया। शहर अब महानगर हो गया है लेकिन आज भी मां खेरमाई का ग्राम देवी के रूप में पूजन किया जाता है।




# व्यक्तित्व विकास की उत्कृष्ट पाठशाला है राष्ट्रीय सेवा योजना : डॉ. त्रिपाठी

## श्रीजानकीरमण महाविद्यालय में मनाया स्थापना दिवस

**जबलपुर, यशभारत।** राष्ट्रीय सेवा योजना का 53 वां स्थापना वर्ष श्रीजानकीरमण महाविद्यालय में उत्साह पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर शिक्षकों के मार्गदर्शन में महाविद्यालय परिसर में गाजर घास उन्मूलन अभियान भी चलाया गया कार्यक्रम का शुभारंभ युवाओं के प्रेरणा स्रोत अध्यात्मिक गुरु स्वामी विवेकानंद जी के तैल चित्र के समक्ष कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री शरद चंद भाई पालन अध्यक्ष श्रीजानकीरमण न्यास, कार्यक्रम के अध्यक्ष एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अभिजात कृष्ण त्रिपाठी, विशिष्ट अतिथि डॉ शक्ति सिंह मंडलोई, यूएस दुबे एवं अभिमन्यु जैन साहित्यकार, डॉ.आनंद सिंह राणा, जिला संगठक, द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्राचार्य डॉ त्रिपाठी ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में एन.एस.एस के ध्येय वाक्य 'मेरे लिए नहीं आपके लिए' पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संस्कृतियों का मेल कराना ही राष्ट्रीय सेवा योजना का ध्येय है। राष्ट्रीय सेवा योजना व्यक्तित्व विकास की उत्कृष्ट पाठशाला है। मुख्यत अतिथि शरदचंद पालन ने अपने उद्बोधन में कहा कि, महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई सबसे पुरानी इकाई है इसके कार्यों को समय समय पर प्रशंसा मिलती रही है। इस अवसर पर एनएसएस के जिला संगठक डॉ आनंद सिंह राणा ने जिला राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य उसके महत्व एवं जिला एवं महाविद्यालय इकाई की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला महाविद्यालय के खेल अधिकारी डॉ शक्ति सिंह मंडलोई ने महाविद्यालय इकाई के शिवरों के अपने पूर्व अनुभव छात्रों से साझा किए। साहित्यकार श्री अभिमन्यु जैन एवं यू एस दुबे ने स्थापना वर्ष पर महाविद्यालय इकाई को अपनी शुभकामनाएं प्रदान की।संचालन महाविद्यालय प्रभारी तरुण मिश्रा ने एवं आभार प्रदर्शन डॉ गंगाधर त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर श्रीमती राधा झारिया प्रशांत पाठक श्रीमती नीना चौबे सुश्री मीनाक्षी लोधी सुश्री प्रियंका यादव ,मनोज चौरसिया ,हेमंत सोंधिया, मुकेश श्रीवास्तव संजय पांडे ,डेनियल पटेल चंद्र कुमार चौबे , गोपाल रैकवार एवं भूपेंद्र अहिरवार प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# बास्केटबाल के नियम और विनियम से छात्र-छात्राओं को कराया अवगत



**जबलपुर, यशभारत।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया ,जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कुलदीप सिंह बरार निर्देशक भारतीय खेल प्राधिकरण जबलपुर एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो.राजीव व्यास संचालक शारीरिक शिक्षण विभाग बीएचयू उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान प्रो.अलका नायक, प्रो. विवेक मिश्रा डीएसडब्ल्यू रानी दुर्गावती विश्विद्यालय मौजूद रहे। । कार्यशाला का मुख्य विषय बास्केटबाल के नियम और विनियम से छात्र छात्राओं को अवगत करवाना था। कार्यशाला का आयोजन शारीरिक शिक्षा विभाग के विभाग प्रमुख डा. विशाल बन्ने द्वारा किया गया जिसमे शारीरिक विभाग के सभी शिक्षक एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थें।

# स्वतंत्रता संग्राम के जन-नायकों की स्मृतियों से गुलजार हुआ रादुविवि

## विवि मुख्य प्रशासनिक भवन में स्वतंत्रता संग्राम में जनजाति नायकों का योगदान पर प्रदर्शनी का शुभारंभ



**जबलपुर, यशभारत।** आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग, भारत सरकार एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर के संयुक्त तत्वावधान में 'स्वतंत्रता संग्राम में जनजाति नायकों का योगदान' विषय पर शनिवार को विश्वविद्यालय के मुख्य प्रशासनिक भवन में स्वतंत्रता संग्राम के जन-नायकों के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर आधारित भव्य प्रदर्शनी का माननीय कुलपति प्रो. कपिल देव मिश्र की प्रेरणा से हुआ। प्रदर्शनी का शुभारंभ करते हुए विवि छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. विवेक मिश्र ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम में जनजातीय समाज के योगदान और जनजातीय नायकों के बलिदान को युवा पीढ़ी से परिचित कराने के उद्देश्य से यह प्रदर्शनी लगाई गई है। देशभर में स्वतंत्रता की 75 वर्षगांठ पर आजादी का अमृत महोत्सव पूरे उत्साह के साथ मनाया गया, इसी श्रृंखला में राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग भी देश भर के 125 विश्वविद्यालयों में 'स्वतंत्रता संग्राम में जनजातीय नायकों के योगदान' विषय पर संगोष्ठी आयोजित कर रहा है। इसके तहत रादुविवि में माननीय कुलपति प्रो. कपिल देव मिश्र की प्रेरणा और कुलसचिव प्रो. ब्रजेश सिंह के मार्गदर्शन में स्वतंत्रता संग्राम में जनजाति नायकों का योगदान पर प्रदर्शनी का शुभारंभ हुआ है। आयोजन की जानकारी देते हुए रादुविवि आदिवासी पीठ निदेशक डॉ. विशाल ओमप्रकाश बन्ने ने बताया कि 26 सितम्बर को माननीय फग्गन सिंह कुलस्ते, केन्द्रीय इस्पात एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री, भारत सरकार के मुख्य आतिथ्य में तथा क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालकर उच्च शिक्षा जबलपुर संभाग प्रो. लीला भलावी के विशिष्ट आतिथ्य, मुख्य वक्ता श्री लक्ष्मण सिंह मरकाम, उपसचिव मुख्यमंत्री की मौजूदगी एवं संयोजक व श्री सोहन सिंह, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग, नई दिल्ली भारत सरकार की गरिमामय उपस्थिति में सोमवार को सुबह 11 बजे विवि के पं. कुंजीलाल दुबे प्रेक्षागृह में 'स्वतंत्रता संग्राम में जनजातीय नायकों के योगदान' विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया है। संगोष्ठी के पूर्व विवि मुख्य प्रशासनिक भवन स्थित प्रेक्षागृह में सभी के दर्शन के लिए सभी जनजाति नायकों के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को प्रदर्शनी के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है।

# पुलिस अस्पताल में 27 को स्वास्थ्य शिविर

**जबलपुर, यशभारत।** अपोलो क्लीनिक द्वारा 27 सितम्बर को जिला पुलिस हॉस्पिटल में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन होने जा रहा है। जिसमें पुलिस विभाग के कर्मचारी एवं उनके परिवार का हेल्थ चेकअप एवं इलाज किया जाएगा। एसपी सिद्धार्थ बहुगुणा ने बताया कि शहर की सुरक्षा में लगे पुलिसकर्मी 18-18 घंटे तक ड्यूटी करते हैं। किसी भी मौसम एवं परिस्थितियों में भी अपने कर्तव्य को पूरा करते हैं, इस सब के बीच वे अपने एवं अपने परिवार के स्वास्थ्य पर ध्यान नहीं दे पाते हैं। जिसका असर उनके स्वास्थ्य पर भी पड़ता है। अतः इस संदर्भ में एएसपी गोपाल खांडेल एवं एएसपी संजय अग्रवाल ने अपोलो क्लीनिक के मेनेजमेंट एवं डॉक्टर्स से चर्चा कर पुलिस कर्मियों औरउनके परिवार वालों के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन करना तय किया। शिविर में विभिन्न स्वास्थ्य सुविधाएं जैसे शुगर, डेंटल, ईएनटी, ऑरथोपेडिक्स, फिजियोथेरेपी, जनरल फिजिशियन एवं गायनकालॉजिस्ट आदि विभागों के स्पेशलिस्ट उपलब्ध रहेंगे। जिनमें डॉ. दीपक बेहरानी, डॉ. वीके मेहता, डॉ. कोहली, डॉ. कमल मेथ्यू, डॉ. रघुवेन्द्र तिवारी, डॉ. एचएन मिश्रा, डॉ. स्नेहा मेटवानी, डॉ. प्रियंका शर्मा सहित अपोलो क्लीनिक के अन्य डॉक्टर्स उपलब्ध रहेंगे।

# सिख धर्म का चिंतन वैश्विक है

## वार्षिक सम्मेलन में वक्ताओं के उदगार



**जबलपुर, यशभारत।** सिख समाज की शीर्ष धार्मिक संस्था मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ केंद्रीय श्री गुरु सिंह सभा का दो दिवसीय 33 वा वार्षिक सम्मेलन आज होटल गुलजार के सभागार में आरंभ हुआ। प्रांत अध्यक्ष सरदार हरपाल सिंह भाटिया इंदौर एवं स्त्री सभा अध्यक्ष श्रीमती चरण जीत कौर ने अध्यक्षता की। जबलपुर संभाग अध्यक्ष अवतार सिंह बांगा एवं नगर अध्यक्ष अजीत सिंह नैयर सीटू एवं समिति पदाधिकारियों नेअतिथि सत्कार किया। बुजुर्ग बार सरदार आसा सिंह रीवा को को शाल सिरोपा और अभिनंदन पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने कहा की सिख धर्म का चिंतन वैश्विक है। धार्मिक और सामाजिक संस्थाओं को शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत जिम्मेदारियों का दायित्व निभाना चाहिए। वक्ताओं ने निशुल्क छात्रावास मुफ्त चिकित्सा तलाक दहेज धर्मांतरण कौमी एकता कुरीतियां गुरुद्वारा सुधार आरक्षण युवा शक्ति को संस्कार देना ऊंच नीच जात पात का भेदभाव दूर करना समूची मानवता हेतु अस्पताल एवं छात्रों हेतु उचित शिक्षा व्यवस्था आदि विषयों पर ओजपूर्ण विचार पेश किए इस मौके पर मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के 200 से अधिक जिला अध्यक्ष व पदाधिकारी गण बतौर डेलीगेट सम्मेलन में शामिल हुए।वक्ताओं में एडवोकेट एन एस रूपराह मनजीत सिंह खालसा चरण जीत कौर बरजिंदर सिंह भोपाल आदि शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन महासचिव सुरेंद्र सिंह अरोरा भोपाल ने किया। तख्त श्री पटना साहिब बिहार के हजूरी रागी जथा भाई सरबजीत सिंह एवं साथियों ने सरस गुरुवाणी कीर्तन पेश किया। आज दूसरे दिन शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी अमृतसर पंजाब के महासचिव करनैल सिंह पंचोली के के मुख्य अतिथि में आयोजित सेमिनार में विभिन्न विषयों पर व्याख्यान होंगे इसमें विद्वान वक्तागण डॉक्टर डॉक्टर हरभजन सिंह खालसा बठिंडा एवं प्रिंसिपल मनजीत कौर अमृतसर सहित अनेक जन भागीदारी करेंगे।

# शालेय बॉक्सिंग प्रतियोगिता आयोजित

**जबलपुर, यशभारत।** रानीताल खेल परिसर में जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी के मार्गदर्शन एवं शा. कन्या उ. मा. वि. ब्योहारबाग के संयोजन में खेली जा रही बॉक्सिंग प्रतियोगिता के बालक वर्ग के निर्णायक मुकाबले कुलदीप बरार साई प्रशासक रानीताल खेल परिसर साई जबलपुर के मुख्य अतिथि में खेले गए जिसमें वीरेंद्र सिंह ठाकुर अंतर्राष्ट्रीय निर्णायक बॉक्सिंग विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थिति उल्लेखनीय रही। आयोजक एस .के .शर्मा एवं श्रीमती सारिका सिंह खान व्यायाम शिक्षिका के आमंत्रित अतिथियों को पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया निर्णायक की भूमिका संजय मिश्रा अभय भाटी ,विकास दुबे, मोहम्मद शाजीद ,कु. आकांक्षा ठाकुर एवं जुगनू उस्मानी ने निभाकर आयोजन को सफल बनाया। प्रतियोगिता के परिणाम सिद्धार्थ लोधी प्रथम, पारस प्रथम, अतुल प्रथम एवं 19 वर्ष बालक में शशांक शुक्ला प्रथम ,देवेश भट्ट प्रथम रहे।

# बम पटकने जा रहे शातिर बदमाश को दबोचा

**हत्या के प्रयास, वसूली के 7 मामले है दर्ज, दो बम भी किए जब्त**

**जबलपुर, यशभारत।** थाना मदनमहल पुलिस ने लार्डगंज के शातिर बदमाशा को वारदात देने के पहले ही दबोच लिया। दरअसल आरोपी बम लिए खड़ा था, जो रंजिशन किसी की दुकान में बमबाजी करने ही वाला था कि तभी मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर, दो बम जब्त कर लिए। पकड़े गए आरोपी अपराधी प्रवृत्ति का है जिसके खिलाफ हत्या के प्रयास एवं अवैध वसूली तथा मारपीट के 7 मामले पहले से ही पंजीबद्ध है। जानकारी अनुसार पुलिस को सूचना मिली कि थाना लार्डगंज का शातिर बदमाश यश तिवारी मछली मार्केट के सामने लिंकरोड तिराहे पर घटना करने खड़ा है। जिसके बाद पुलिस ने दबिश देकर आरोपी यश तिवारी उम्र 19 वर्ष निवासी कमला नेहरू नगर मदनमहल के खिलाफ कार्यवाही की।

## सोशल मीडिया पर जारी हुए पीबीसी नर्सिंग...
# फर्स्ट ईयर और एमडीएस टाइम टेबिल को लेकर छात्र भ्रमित

**जबलपुर, यशभारत।** कभी बिना परीक्षा में बैठे पास होने अवकाश में अधिकरी से एक समय में दो कार्य पूर्णांक से प्राप्त अंक देने जैसी गलतियां करने वाली यूनिवर्सिटी अब पुन: घेरे में है। मामला सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे पीबीसी नर्सिंग फर्स्ट ईयर और एमडीएस परीक्षा टाइम टेबल का है। सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे दोनों परीक्षाओं के टाइम टेबिल में जो माह निकल चुका है उसमें परीक्षाएं आयोजित कराने का उल्लेख है। यही नहीं एमडीएस परीक्षा दिसंबर 2023 में कराने का टाइम टेबिल जारी किया गया है।




### विवि में लापरवाही पर लापरवाही हो रही है

मप्र आयुर्विज्ञान विवि में यह पहली दफा नहीं है कि परीक्षा जैसे कार्यो में गलती हो रही है इससे पहले कई बार गलतियां हुई। बाबजूद ऐसे अधिकारियों को परीक्षा संबंधी कार्य की जिम्मेदारी दी गई जो खुद दागी है। लापरवाही को लेकर विवि अलग तक किए जा चुके है। अधिकारियों के कारण दोनों परीक्षा के विद्यार्थी परेशान है कि उनकी परीक्षा कब होगी।

### जनवरी को बीते 8 माह हो गए हैं

इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि विवि के जिम्मेदार अधिकारी परीक्षा कार्य को मजाक में ले रहे हैं। सोच कर थो?ा आर्चवित हो गए होगे की जो माह आज से 8 माह पूर्व निकल गया यदि उस माह में परीक्षा कराने का टाइम टेबल जारी किया गया है। मगर मेडिकल विश्वविद्यालय में सब कुछ संभव है दरअसल मेडिकल विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक द्वारा 24-9-2022को घोषित चइेबदनतेनपदह 1ज लमंत की समय सारिणी जिसमे 20-12-22से परीक्षा शुरु होगी मगर आगामी परीक्षा जनवरी 2022 तक चलेगी साथ ही उके .1 और 2वर्ष की परीक्षा तिथि दिसंबर 2023 घोषित कर दी जिससे छात्र भ्रमित और यूनिवर्सिटी को हास्य का पात्र बना दिया।

# पं दीनदयाल उपाध्याय की जन्म जयंती पर पुष्पांजलि



**जबलपुर,यशभारत।** पं दीनदयाल उपाध्याय की जन्म जयंती पर आज सुबह दीनदयाल चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर भाजपा नेताओं ने माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित की। इस मौके पर साँसद राकेश सिंह, प्रदेश मंत्री आशीष दुबे, अखिलेश जैन ,विधायक अशोक रोहाणी,पूर्व मंत्री शरद जैन, नगर भाजपा अध्यक्ष जीएस ठाकुर, पंकज दुबे, रत्नेश सोनकर, सुधांशु गुप्ता रंजीत पटैल ने पं. उपाध्याय का पुण्य स्मरण किया।

# कोतवाली में जुआ फड़ आबाद

**10 जुआरी गिरफ्तार : 24 हजार रूपये जब्त**

**जबलपुर, यशभारत।** कोतवाली में इनदिनों जुआ फड़ आबाद है। जहां रात होते ही पूरे शहर के जुआड़ी यहां पहुंचकर लाखों के दांव लगाते है। जिसकी बानगी देर रात उस वक्त देखने को मिली जब पुलिस ने घेराबंदी कर दस जुआड़ियों को दबोच लिया। जिनके कब्जे से पुलिस ने चौबीस हजार रुपय नगद जब्त किए है। थाना प्रभारी अनिल गुप्ता ने बताया कि सूचना मिली कि गोपाल सदन में शिवहरि मैरिज गार्डन में जुआ फड़ लगा हुआ है। जिसक बाद पुलिस ने दबिश देकर घेराबंदी करते हुए दिनेश केशरवानी निवासी गुलौआ , राकेश जैन निवासी रानीताल, योगी सोनी निवासी गोपाल विहार , राजेश विश्वकर्मा निवासी माढ़ोताल, संजय कुचया निवासी तमरहाई, तथा गणेश कुमार गुप्ता निवासी त्रिमूर्तिनगर, रमेश यादव निवासी सहित दस जुआड़ियों को दबोचकर नगद 24 हजार रूपये जब्त किए गए।

# रिफलिंग कर रहा था, पुलिस को देखा तो सिलेंडर लेकर लगा दी दौड़

**7 गैस सिलेंडर 7 सौ रुपये जब्त**

**जबलपुर, यशभारत।** गोरखपुर पुलिस ने अवैध गैस रिफलिंग करते हुए आरोपी को दबोचकर, ऑटो सहित सात गैस सिलेंडर और सात सौ रुपये जब्त किए है। पकड़ा गया आरोपी पुलिस को देखते ही सिलेंडर लेकर भागने लगा, लेकिन बाद में थकहार कर रोड में ही बैठ गया। जिसे पुलिस ने पकड़ लिया। आरोपी लंबे समय से अवैध गैस रिफलिंग के गोरखधंधे में जुटा था, जिससे पूछताछ जारी है। पुलिस ने बताया कि जानू नामदेव पति राजेश नामदेव 22 साल छोटी बजरिया में किराए से रहता है। जो खालसा कॉलेज के पीछे चोरी-छुपे अवैध गैस रिफलिंग कर रहा था। जिसे रंगे हाथों दबोचा गया। आरोपी से एक ऑटो और मशीन सहित सिलेंडर जब्त किए है।

# बाइक सवारों को बेकाबू लोडिड वाहन ने मारी टक्कर ट्रेनी नर्स की मौत , डॉक्टर का हाथ फ्रेक्कर





**जबलपुर, यशभारत।** गढ़ा थाना अंतर्गत एक ट्रेनी नर्स की इलाज के दौरान दर्दनाक मौत हो जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। दरअसल ट्रेनी नर्स, डॉक्टर के साथ बाइक में मरीज को देखने के लिए सिवनी जा रही थी। तभी धूमा के पास सामने से आ रहे बेकाबू लोडिड अज्ञात वाहन ने दोनों को बीच रास्ते टक्कर मार दी । दुर्घटना में डॉक्टर का एक हाथ फ्रेक्चर है और सिर में गंभीर चोट है, जिसे एक निजी अस्पताल में भर्ती किया गया है। वहीं, युवती ट्रेनी नर्स ने दमा तोड़ दिया। पुलिस ने मर्ग कायम किया। अग्रिम जांच हेतु डायरी धूमा थाना स्थानांतरित की जा रही है। मेडिकल पहुंचे पीड़ितों ने जानकारी देते हुए बताया कि काजल बघेल 24 साल संजीवनी नगर स्थित डॉक्टर सागर साहू के क्लिनिक में ट्रेनी नर्स के रूप में पदस्थ है। जो डॉक्टर सागर के साथ बाइक से एक मरीज को देखने सिवनी जा रहे थे। जैसे ही दोनों बाइक सवार धूमा पहुंचे, तभी सामने से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने सीधी टक्कर मार दी।पीड़ितों ने रोते हुए बताया कि हादसे में ट्रेनी नर्स और बाइक चला रहे डॉक्टर सागर साहू रोड से उछलकर दस फिट दूर जा गिरे। घटना में ट्रेनी नर्स के सिर में गंभीर चोट आ गयी। अधिक रक्त स्त्राव होने के बाद तत्काल अस्पताल में भर्ती करवाया, लेकिन पीड़िता की इलाज के दौरान ही मौत हो गयी। वहीं, डॉक्टर सागर साहू जबलपुर के निजी चिकित्सालय में भर्ती है, हादसे में उनका एक हाथ फ्रैक्कर हो गया और सिर में गंभीर चोट है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# सीएचसी / पीएचसी में हो अग्निशामक संयंत्र की व्यवस्था

**जबलपुर यशभारत।** म.प्र . तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने मांग की है कि जबलपुर शहर में हुई विकराल अग्नि दुर्घटना को देखते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित होने वाले शासकीय और अशासकीय चिकित्सालयों में भी शासन को ध्यान देते हुए अग्नि दुर्घटनाएं न हो पायें इसके लिए पर्याप्त अग्नि शामक संयंत्रों की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये । ग्रामीण क्षेत्रों में सीएचसी / पीएचसी /उपस्वास्थ्य केंद्रो में अग्नि दुर्घटना से बचाव के लिए अभी किसी भी प्रकार की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है , जिससे यहां पर कभी भी विकराल दुर्घटना होने की आशंका रहती है और जनमानस की जान जा सकती है । संघ के योगेन्द्र दुबे , गोविंद बिल्थरे , रजनीश तिवारी , अर्वेन्द्र राजपूत , अवधेश तिवारी , अटल उपाध्याय , मुकेश सिंह , आलोक अग्निहोत्री , ब्रजेश मिश्रा , वीरेन्द्र चंदेल , एस.पी. बाथरे , दुर्गेश पाण्डेय , परशुराम तिवारी सी एन शुक्ला , चूरामन गूजर , सतीश देशमुख इंद्रजीत मिश्रा , योगेश कपूर , पंकज जायसवाल , तुषरेन्द्र सिंह , आदि ने स्वास्थ्य मंत्री से मांग की है कि ग्रामीण क्षेत्रों के चिकित्सालयों में भी अग्निशामक संयंत्र , आक्सीजन सिलेंडर , वेंटीलेटर , साफ पानी पीने की व्यवस्था और शौचालयों की पर्याप्त व्यवस्था के इंतजाम किये जाये।

## कटंगी वायपास में भीषण सड़क हादसा
# खड़े ट्रक में घुस गया बेकाबू बाइक सवार चली गई जान, रेस्क्यू कर निकाला

**जबलपुर, यशभारत।** माढ़ोताल थाना क्षेत्र अंतर्गत कटंगी बायपास में देर रात भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गयी। हादसा उस वक्त हुआ जब बेकाब बाइक सवार कटंगी से शहर लौट रहा था तभी रोड किनारे खड़े ट्रक से जा टकरा गया और बाइक सहित ट्रक के नीचे घुस गया। जिसे राहगीरों और पुलिस की मदद से तत्काल ट्रक के नीचे से रेस्क्यू कर, मेडिकल अस्पताल में भर्ती किया गया। जहां चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर, मामला जांच में लिया है। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि अभिषेक चढ़ार 24 साल अधारताल आदर्श नगर का निवासी है। जो बाइक से कटंगी बायपास से आ रहा था, तभी रोड के किनारे खड़े ट्रक में पीछे से टकरा गया। हादसे में युवक को गंभीर चोट आईं और बाइक सहित ट्रक भी क्षतिग्रस्त हो गया। बेकाबू बाइक सवार तेज रफ्तार में ट्रक के पीछे घुस गया। जिसे बमुश्किल रेस्क्यू कर निकाला गया और तत्काल अस्पताल में भर्ती किया गया। लेकिन हादसे के दौरान युवक का खून अधिक बहने के कारण, इलाज के दौरान ही युवक ने दम तोड़ दिया। वहीं, जब यह खबर युवक के परिजनों को दी तो वह चीख पड़े। जिन्हें बमुश्किल पुलिस और मेडिकल स्टाफ ने सम्हाला।

### गलत साइड में खड़ा था ट्रक

बताया जाता है कि हादसे के दौरान ट्रक गलत साइड में खड़ा था। तो वहीं युवक की बाइक की स्पीड भी तेज थी, जिसके चलते वह स्पस्ट देख नहीं पाया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# स्टेशन पर गूंजा पुरानी पेंशन बहाल करो एन पी एस रद्द करो

**26सितंबर को जंतरमंतर पर धरना देने सुरक्षा संस्थान कर्मी रवाना**




**जबलपुर यशभारत।** नई दिल्ली जंतर मंतर पर आयोजित एन पी एस के विरोध और धरने में शामिल होने एआईडीईएफ से संबद्ध जबलपुर रक्षा क्षेत्र की यूनियनों के सैकड़ों कार्यकर्ताओं के जत्थे गोंडवाना एक्सप्रेस और ट्रेनों से रवाना हुए। इस मौके पर स्टेशन परिसर में सैकड़ों कर्मचारियों ने पुरानी पेंशन वापिस दो नई पेंशन रद्द करो के नारे लगाए। ज्ञात हो 1 जनवरी 2004 से शासकीय सेवा में आए नागरिकों के लिए केंद्रीय सिविल सेवा 1972 पेंशन के गारंटीड पेंशन के प्रावधान को दरकिनार कर शासकीय कर्मचारियों को नेशनल पेंशन एन पी एस के अंतर्गत लाया गया।इससे एनपीएस लागू होने के कर्मचारियों को होने वाले नुकसान के बारे में विभिन्न फ़ोरम में अपनी बात उठाई गई। ऑल इंडिया डिफेंस एम्पलाइज फेडरेशन कर्मचारी हितों के लिए अपनी प्रतिबद्धता पर कायम रहते हुए कल26 सितंबर नई दिल्ली स्थित जंतर मंतर पर 1 जनवरी 2004 के बाद शासकीय सेवा में आए देशभर के कर्मचारियों को केंद्रीय सिविल सेवा 1972 पेंशन के तहत गारंटीड पेंशन तथा सामान्य भविष्य निधि का लाभ दिलाने के लिए ऑल इंडिया डिफेंस एम्पलाइज फेडरेशन के तत्वावधान में 41ऑर्डनेंस फैक्ट्री डीआरडीओ एम ई एस डी जी क्यू ए, डी जी ए क्यू ए सीओडी आर्मी बेस वर्कशॉप ई एम ई, आर्मी, नेवी एयरफोर्स, इत्यादि देशभर के विभिन्न रक्षा संस्थानों की 430 यूनियनों के कार्यकर्ता सम्मेलन 1 दिन का धरना देंगे। शरद बोरकर रोहित यादव नितेश सिंह डी के मांझी जितेंद्र सिंह यादव संदेश झिलपे विक्रांत यादव राजेश भारती पार्थ ओझा प्रितपाल सिंह भामरा अमित गुप्ता अमित चंदेल अनिल कोष्टा बीरबल असीम दुबे भवानी पटेल बलवीर सिंह, पप्पू पवार जानसन एजाज अहमद,दीपक कोष्टा विजय वीरेंद्र लोधी रवि शाह उत्तम विश्वास सहित सैकड़ों कार्यकर्ता नई दिल्ली रवाना हुए।

## नेशनल क्राईम रिकार्ड ब्यूरो प्रजेन्टेशन
# निरीक्षक फिंगर प्रिंट अखिलेष चौकसे को राष्ट्रीय स्तर पर प्राप्त हुआ द्वितीय स्थान




**जबलपुर, यशभारत।** नेशनल क्राईम रिकार्ड ब्यूरो नई दिल्ली में 23वीं ऑल इंडिया फिंगर प्रिंट डायरेक्टर्स कॉन्फ्रेंस का आयोजन 20 एवं 21 सितम्बर 2022 को किया गया। कॉन्फ्रेंस का उद्घाटन अजय कुमार मिश्रा गृह राज्य मंत्री भारत सरकार द्वारा, श्यामलाल मिश्रा (आई.ए.एस) ज्वाइंट सेक्रेटरी मिनिस्ट्री ऑफ स्टेट गृह मंत्रालय, विवेक गोगिया डायरेक्टर एन.सी.आर.बी., संजय माथुर ज्वाइंट डायरेक्टर सी.सी.टी.एन.एस. एन.सी.आर.बी., दीपक एम. दामोर ज्वाइंट डायरेक्टर एडमिन एनसीआरबी एवं रवीन्द्र कुमार डायरेक्टर सेन्ट्रल फिंगर प्रिंट ब्यूरो की उपस्थिति में किया गया। कॉन्फ्रेंस में मध्यप्रदेश का नेतृत्व डायरेक्टर फिंगर प्रिंट एल.के. दुबे, उप पुलिस अधीक्षक मनोज सिंह राजपूत, उप पुलिस अधीक्षक श्रीमती निधि श्रीवास्तव एवं निरीक्षक फिंगर प्रिंट अखिलेष चौकसे द्वारा किया गया। कॉफ्रेंस में नेफिस सॉफ्टवेयर के सुचारू संचालन, अपराधियों के बायोमैट्रिक रिकार्ड के संग्रह से संबंधित एस.ओ.पी. तैयार करने एवं राज्यों के फिंगर प्रिंट ब्यूरो के निर्बाध कार्य करने के लिये फिंगर प्रिंट विशेषज्ञों के प्रशिक्षण सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। 23वें अखिल भारतीय निदेशक सम्मेलन में स्मार्ट यूज ऑफ फिंगर प्रिंट साइंस इन इन्वेस्टिगेशन पर विभिन्न राज्यों द्वारा प्रजेन्टेशन दिया जाना था। मध्यप्रदेश से अति. पुलिस महानिदेशक एस.सी.आर.बी. चंचल शेखर एवं अति. पुलिस महानिदेशक जबलपुर जोन उमेश जोगा के निर्देशन एवं पुलिस अधीक्षक जबलपुर सिद्धार्थ बहुगुणा के मार्गदर्शन में निरीक्षक अखिलेश चौकसे द्वारा प्रजेन्टेशन दिया गया, प्रजेन्टेशन थाना कुरई जिला सिवनी के अपराध में नेफिस सिस्टम द्वारा सम्पूर्ण भारत में प्रथम अज्ञात मृतक की पहचान स्थापित किए जाने पर आधारित था। जिसे राष्ट्रीय स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। पुरस्कार विवेक गोगिया डायरेक्टर एन.सी.आर.बी. द्वारा प्रदान किया गया।

# गौशाला में पौष्टिक आहार प्रदान किया

**जबलपुर, यशभारत।** विगत दिवस जायंट्स ग्रुप आफ जबलपुर द्वारा सेवा सप्ताह के सातवें एवं अंतिम दिन गौशाला में कार्यक्रम किया गया! गौशाला, गीता धाम, ग्वारीघाट में सदस्यों के सहयोग से गौवंश के लिए पौष्टिक आहार एवं चारे की व्यवस्था की गई एवं सदस्यों ने अपने हाथों से गायों को आहार कराया! कार्यक्रम में संतोष पटेल, ,सी.के .मोदी ,आर .पी .सोनी, पी .के .डोंगरे, प्रवीण करेचा, मगन भाई पटेल ,रवि पटेल ,बसंत चेलानी, श्रीमती कामना मोदी एवं श्रीमती उषा सोनी उपस्थित थे!

**आवश्यकता है**

जबलपुर में प्रॉपर्टी सर्वेक्षण के लिए प्राइवेट कंपनी में मेहनती, अनुभवी, योग्य सुपरवाइजर व सर्वेक्षक की आवश्यकता है. योग्यता - ग्रेजुएट, वेतन- अनुभव व योग्यतानुसार। अपना पूर्ण बायोडाटा ईमेल द्वस्त्र - vijay@rsisoftech.com, deeptiraj@rsisoftech.com पर मेल करें।
**संपर्क**- 9323006911, 9601449431

**पश्चिम मध्य रेल**
विद्युत विभाग(कर्षण-वितरण शाखा) जबलपुर
ई-निविदा सूचना
एन.आई.टी. नं. जबल-टीआरडी-निविदा-2022-07, दिनांक 21.09.2022
वरि. मंडल विद्युत इंजीनियर/कर्षण-वितरण/ पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य करने के लिए अनुभवी ठेकेदारों से मुहरबन्द निविदायें आमंत्रित करते है। ठेकेदारों के पास राज्य सरकार द्वारा जारी विद्युतीय लायसेन्स (फर्म के नाम से या फर्म के किसी पार्टनर के नाम से या स्वयं के नाम में यदि सोल प्रोपराइटर हों) आई.ई. नियम 1956 के अनुसार होना चाहिए। 1. कार्य का नामः (A) Replacement and commissioning of obsolete & over aged CT & PT of Bina KTE section and Safety & reliability improvement measures in PSI & automatic fire detection & suppression system in TSS, GPS & Video Recording System of Tower wagon & IP based camera system at TSS, SP/SSP & TRD depot of Jabalpur Division. (B) New Katni:- Augmentation facilities for homing of 3 phase locomotive at electric loco shed. (C) TRD/OHE work for construction of ROB at LC-278 at Km. 906/28-32 in Et-MKP section. (D) TRD/OHE work for ROB in lieu of LC No. 58, (E) TRD/OHE work for ROB at LC-2 in STA-Rewa section. (F) TRD/OHE work for construction of ROB at LC-70 at Km. 1141/16-18, 15-17 in Bina-KTE. 2. कार्य स्थलः जबलपुर मण्डल। 3. कार्य की अवधिः 9 माह। 4. कार्य की कीमत (टेंडर वेल्यू): ₹ 2,64,87,409.71 (₹ दो करोड़ चौंसठ लाख सत्तासी हजार चार सौ नौ एवं इकहत्तर पैसे मात्र)। 5. बयाना राशिः ₹ 2,82,400/-. 6. निविदा जमा करने/खुलने की अंतिम तिथि एवं समयः 14.10.2022, 15.00 बजे/ 14.10.2022, 15.30 बजे। 7. निविदा सूचना की पूर्ण जानकारी रेल्वे वेबसाईटः https://www.ireps.gov.in. 8. निविदाकर्ता अपनी निविदाऐं आई आर ई पी एस की माध्यम से https://www.ireps.gov.in पर ऑनलाइन निविदा करें। निविदाकर्ताओं से अनुरोध है कि वे समय समय पर बदलाव व शुद्धिपत्रों हेतु IREPS की वेबसाईट https://www.ireps.gov.in देखते रहें। न्यूनतम पात्रता मानदण्ड टेण्डर फार्म के अनुसार और ज्वांइन्ट वेन्चर व साझेदारी इस निविदा के लिए लागू होगा।
कोरोना से बनाना है दूरी तो वेक्सीन लगवाना है जरुरी।

**नाम सुधार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं की मैं Ram Sameer Singh पिता राम नरेश सिंह पता मकान नंबर 04 वार्ड नंबर 20 नियर ग्राम पंचायत स्कूल विकास नगर मानेगांव रांझी जिला जबलपुर का निवासी हूं मेरी दसवी की अंकसूची में मेरा नाम Ram Shamir Singh दर्ज हैं जो की गलत नाम है मेरे समस्त दस्तावेजों में मेरा नाम Ram Sameer Singh दर्ज हैं जो की सही नाम हैं कृपा मुझे आज दिनांक से इसी नाम से जाना जावे और पढ़ा जावे।
सही नाम -Ram Sameer Singh
गलत नाम -Ram Shamir Singh

**नाम सूधार**

मै टीकाराम शिवहरे पिता श्री गोविन्द प्रसाद शिवहरे यह घोषणा करता हूं कि मेरे पुत्र रोनित शिवहरे की कक्षा 10वीं की अंकसूची में मेरा नाम टीकाराम शिवहरे (Teeka ram shivhare) दर्शाया गया है। जबकि त्रुटि वश मेरे पुत्र के कक्षा 12वीं की अंकसूची में मेरा नाम Tika Ram shivhare दर्ज है। मेरे दस्तावेजों के आधार पर मेरे पुत्र रोनित शिवहरे की 12वीं की अंकसूची में मेरा नाम कि स्पेलिंग सुधार कर Tika Ram shivhare के स्थान पर Teeka ram shivhare दर्ज किया जावे।
गलत नाम–Tika Ram shivhare
सही नाम– Teeka ram shivhare
पता:– 996/जे. न्यू शास्त्रीनगर त्रिपुरी वार्ड, जबलपुर।

**न्यायालय नायब तहसीलदार अधारताल, जिला जबलपुर (म.प्र.)**
रा.प्र.क्र./11/अ-27/22-23
जबलपुर, दिनांक 2/8/22
**// आम इश्तहार //**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक अनिल कुमार केवट पिता रघुवीर प्रसाद केवट निवासी ग्राम औरिया तहसील अधारताल के द्वारा मौजा औरिया नं.ब. 01 प.ह.नं. 72 तहसील अधारताल जिला जबलपुर में स्थित भूमि प्लॉट/खसरा नं. 45 व 149 रकवा 0.39 व 0.88 है. भूमि के बटवारा नामांतरण हेतु आवेदन लगा है। वर्तमान में भूमि विक्रेता तीरथ वार्ड उर्मा बाई पिता बसंता, अनिल पिता रघुवीर के नाम दर्ज है।

तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 22/8/22 तक इस न्यायालय में स्वंय या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।**
जारी दिनांक – 2/8/22
पेशी दिनांक – 22/8/22
**नायब तहसीलदार**
**अधारताल, जबलपुर**

# श्री सिद्ध पीठ काली मंदिर सदर में होगी मां के ज्वारों की स्थापना कल




**जबलपुर यशभारत।** श्री सिद्ध पीठ काली माई मंदिर जवारा समिति के द्वारा मंदिर में मां के ज्वारों के घटों की स्थापना बैठकी के दिन सोमवार प्रातः 6¬00 बजे से 12¬00 के बीच की जाएगी जिसमें घटो की संख्या 251 रखी गई हैं जिन्हें नवमी के दिन सायं 4:00 बजे मंदिर प्रांगण से विशाल शोभायात्रा स्वरूप सदर की विभिन्न गलियों में भ्रमण करते हुए खंबताल में विसर्जन किया जाएगा। अतः आप सभी श्रद्धालुओं से घटों की स्थापना में उपस्थित रहने की अपील श्री सिद्ध पीठ काली माई मंदिर जवारा समिति ने की है।

अब नई शृंखला के साथ
KARAN SHOES
MALVIYA CHOWK | ANAND CINEMA ROAD NEAR 4th BRIDGE | KATANGA CROSSING | NAYA BAZAR MALVIYA CHOWK

# 75फीसदी अंक पाने वाले सभी छात्रों को मिले लेपटॉप

**जबलपुर यशभारत।** मुख्यमंत्री ने म.प्र शिक्षण मंडल की परीक्षा में75फीसदी से अधिक अंक पाने वाले विद्यार्थियों को 25 हजार रुपये या लेपटॉप देने की घोषणा स्वागत योग्य है लेकिन अन्य बोर्ड सीबीएसई या मदरसा बोर्ड से पास होने वाले मेधावी छात्रों को इस योजना में शामिल नहीं किया ।अत: सभी मेधावी छात्रों को बिना भेदभाव के लेपटॉप योजना में शामिल करने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया । भगवा मलन संघ ने ज्ञापन के माध्यम से कहा कि मुख्यमंत्री आदेशानुसार 75 प्रतिशत से अधिक प्राप्तांक पाने वाले विद्यार्थियों को 25000 या लैपटॉप प्रदान किया जाएगा। यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि प्रदेश के मेधावी छात्रों को आगे बढ़ने हेतु 75त्न से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को 25000 या लैपटॉप दिया जाएगा।

गैलेक्सी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
मध्य भारत का तेजी से उभरता हुआ, सर्वप्रथम होलीस्टिक हॉस्पिटल
आर्यरा AaryAra (illuminate AspiratioN)
आयुष्मान एवं सभी प्रकार के टीपीए की सुविधा
उखरी तिराहा, विजय नगर, जबलपुर (मप्र)-482003
0761-4017010, 4027010, 2647010 Helpline 881983000,7777877708
galaxyhospitaljbpweb@gmail.com, galaxyhospitaljbp2020@gmail.com
www.galaxyhospitaljbp.com



**राष्ट्रीय बालिका दिवस पर विशेष**

# लड़कियों को लड़कों से कमतर आंकना समाज की भूल है

हमेशा देश में 10वीं और 12वीं कक्षा के रिजल्ट में लड़कियां ही पहले पायदान पर रहती हैं। चाहे आईएएस बनने की होड़ हो, विमान या लड़ाकू जहाज उड़ाने की या फिर मैट्रो चलाने की, लड़कियां हर क्षेत्र में अपनी सफलता के झंडे गाड़ रही हैं। कौन कहता है कि लढ़कियां बोझ है? आज की लड़की अपना बोझ तो क्या, परिवार का बोझ भी अपने कंधों पर उठाने की हिम्मत रखती है। बेटों की तरह वह भी पूरी निष्ठा के साथ जिम्मेदारियां संभाल रही है। देश की बेटियां अब सिर्फ सिलाई- कढ़ाई या ब्यूटी पार्लर तक ही सीमित नहीं रह गई है बल्कि वह तो दुश्मनों के छक्के छुड़ाने के लिए तैयार हैं।




आज की लड़कियां तमाम बंधनों को तोड़कर आसमान छू रही हैं और समाज के लिए आदर्श बनी हुई हैं। अमूमन समाज में लड़कियों को लड़कों से कमतर आंका जाता है। शारीरिक सामर्थ्य ही नहीं अन्य कामों में भी यही समझा जाता है कि जो लड़के कर सकते हैं वह लड़कियां नहीं कर सकतीं, जबकि इसके कई उदाहरण मिल जाएंगे जिन में लड़कियों ने खुद को लड़कों से बेहतर साबित किया है। खेलों में खिलाडियों की इतनी बड़ी फौज में से ज्यादातर लड़कियों ने ही देश की झोली में मैडल डाल कर देश का नाम रोशन किया। यही नहीं अन्य क्षेत्रों में भी लड़कियां लड़कों से न केवल कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं बल्कि आगे हैं। हमेशा देश में 10वीं और 12वीं कक्षा के रिजल्ट में लड़कियां ही पहले पायदान पर रहती हैं। चाहे आईएएस बनने की होड़ हो, विमान या लड़ाकू जहाज उड़ाने की या फिर मैट्रो चलाने की, लड़कियां हर क्षेत्र में अपनी सफलता के झंडे गाड़ रही हैं। इस के बावजूद लड़कियों को लड़कों से कमतर आंकना समाज की भूल है।कौन कहता है कि लड़कियां बोझ है? आज की लड़की अपना बोझ तो क्या, परिवार का बोझ भी अपने कंधों पर उठाने की हिम्मत रखती है। तभी तो उन्हे संसार की जननी कहा गया है। बेशक पहले स्त्री को अबला माना जाता है, लेकिन आज की नारी अबला नहीं। शिक्षा हो या खेल कूद का क्षेत्र हो वह हर जगह अपनी मेहनत के बलबूते पर आगे बढ़ी रही हैं। बेटों की तरह वह भी पूरी निष्ठा के साथ जिम्मेदारियां संभाल रही है। देश की बेटियां अब सिर्फ सिलाई- कढ़ाई या ब्यूटी पार्लर तक ही सीमित नहीं रह गई है बल्कि वह तो दुश्मनों के छक्के छुड़ाने के लिए तैयार हैं। लोकतांत्रिक देश में राजनैतिक, सामाजिक, धार्मिक, सांस्कृतिक, आर्थिक दृष्टि से बालिका शिक्षा का बहुत अधिक महत्त्व है। नारी की शिक्षा पूरे परिवार को शिक्षित करती है। शिक्षित महिला पुरुष से किसी भी कार्यक्षेत्र में पीछे नहीं रहती। कुछ क्षेत्रों में तो वह पुरुष से भी अधिक कुशल सिद्ध हुई हैङ्क जैसे शिक्षा, चिकित्सा व परिचर्या के क्षेत्र में। यदि बालिका को समुचित शिक्षा दी जाए तो वह कुशल नेत्री, समाजसेवी, कुशल व्यवसायी, राजनैतिक नेत्री यहाँ तक कि कुशल इंजीनियर, टेक्नीशियन, सूचना प्रौद्योगिकी, अधिवक्ता, चिकित्सक बन राष्ट्र की सर्वतोमुखी प्रगति में योगदान दे सकती है। शिक्षा से नारी अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हो सकती है।

इतिहास पर दृष्टिपात करें तो हम पाते हैं कि धार्मिक, सैद्धान्तिक, मान्यतागत रूप में स्त्री को पूज्य माना जाता रहा है परन्तु उसका कार्यक्षेत्र घर की चहारदीवारी तक सीमित कर दिये जाने से उसकी शिक्षाङ्क दीक्षा पर कम ध्यान दिया गया है। वैदिक काल में बालिकाएं प्रायः परिवार में ही शिक्षा ग्रहण करती थीं क्योंकि उनके लिए पृथक गुरुकुल, आश्रम, आदि की प्रथा नहीं थी। केवल कुछ गुरुकुलों में गुरु की पुत्री के शिक्षा में सम्मिलित होने के उदाहरण प्राप्त होते हैं। वैदिक काल में बालिकाओं को घरों में धर्म, साहित्य, नृत्य, संगीत, काव्य आदि की शिक्षा दी जाती थी। वैदिक काल में यद्यपि विदुषी घोषा, गार्गी, आत्रेयी, शकुंतला, उर्वशी, अपाला महिलाओं के उदाहरण ऋग्वेद में प्राप्त होते हैं जो वेदों के अध्ययन में प्रवीण थीं। वर्तमान समय में बालिकाओं द्वारा हर क्षेत्र में उच्च स्थान प्राप्त करने के बावजूद भी बालक बालिकाओं की शिक्षा में अंतराल चला आ रहा है। समाज में अधिकतर यह मानसिकता पाई जाती है कि बालिकाओं की शिक्षा आवश्यक नहीं है उन्हें कौनसी नौकरी करानी है । वे केवल चिट्ठी पत्री लिखना, घरेलू कार्य करना सीख लें यही पर्याप्त है। इस मानसिकता के चलते कुछ परिवारों में प्राथमिक, कुछ में मिडिल तथा कुछ में मैट्रिक तक की शिक्षा ही पर्याप्त मान ली जाती है तथा इससे ऊपर की उच्च शिक्षा के अवसर तो भाग्यशील बालिकाओं को ही मिल पाते हैं। शिक्षा पर पैसा व्यय करने के बाद भी नौकरी के अवसर उपलब्ध न होना उनमें शिक्षा के प्रति वितृष्णा भी उत्पन्न कर देता है। प्राइवेट सेक्टर के स्कूलों, हॉस्पिटल आदि में पढ़ीङ्क लिखी महिलाओं को उपयुक्त वेतन अप्रयाप्त होता है तथा स्वयं के खर्च तक के लिए वे वेतन से व्यय कर सकने में असमर्थ रहती है। घर से दूर नौकरी कराने हेतु लड़कियों के माता- पिता सहमत नहीं होते। बालिका शिक्षा में अवरोध का एक कारण यह भी है कि महिला शिक्षकों की स्कूलों व कॉलेजों में कमी है जिसके कारण अनेक बालिकाएं शिक्षा प्रक्रिया में इन संस्थाओं में घुलङ्क मिल नहीं पातीं तथा स्वयं को अजनबी अनुभव करती हैं। घर से दूर होस्टलों आदि में रहकर शिक्षा प्राप्त करना अनेक परम्परागत विचारों के परिवारों की बालिकाओं के लिए संभव नहीं हो पाता। ऐसे में घर में रहकर दूरस्थ शिक्षा द्वारा उच्च शिक्षा के कोर्स करना बालिकाओं के लिए अधिक अनुकूल होता है। बालिका की शिक्षा की बालकों की तुलना में कमी को दूर करने के लिए न केवल शैक्षिक सुविधाओं का व्यापक विकास करना आवश्यक है बल्कि बालिका शिक्षा के मार्ग की अवरोधक स्थितियों का निराकरण भी जरूरी है। बालिका शिक्षा की असमता के कारणों हेतु ठोस तथा कारगर उपाय उठाए जाने की भी आवश्यकता है। इस हेतु विशेष योजनाएं, अधिक बजट आवंटन के साथ प्रशासन के सख्त व अनुकूल कदम उठाए जाने की आवश्यकता है।

- -प्रियंका सौरभ

# परिवार के साथ भावनात्मक जुड़ाव का समय

**आपने सुना तो बहुत होगा कि परिवार को समय भी चाहिए होता है। पर ऑफिस के आगे आपको कुछ प्रायोरिटी लिस्ट में लगता ही नहीं होगा। आपको यही महसूस होता होगा कि आप कमा भी तो परिवार के लिए रहे हैं। ऐसे में परिवार के सदस्यों के साथ हंसना-बतियाना बहुत जरूरी नहीं है। लेकिन वे सब समझते हैं। यदि आपका भी ऐसा एटिट्यूड है, तो ये रवैया आपकी फैमिली के परस्पर भावनात्मक जुड़ाव पर असर भी डाल सकता है। हर सप्ताह जब आप सिर्फ और सिर्फ परिवार को समय देंगे तो आप अपने परिवार के सभी छोटे-बड़े सदस्यों को बेहतर जान पाएंगे। उनके साथ रिश्तों में प्रगा?ता आएगी। आप और परिवार, दोनों में स्ट्रेस कम होग। आप समेत सभी सदस्यों में हैप्पी हार्मोन का स्राव होगा, जो सेहतमंद शरीर के लिए आवश्यक है। वहीं आप व फैमिली मेंबर्स एक-दूजे को बेहतर समझ पाएंगे।**



बेहतर है कि सप्ताह में एक दिन सिर्फ फैमिली के लिए निश्चित करें। लेकिन इसका मतलब यह कतई नहीं कि बाकी दिन परिवार से कुछ लेना-देना नहीं है। परिवार का हर सदस्य पास-पास रहे। इसके लिए डाइनिंग टेबल बेस्ट जगह है। सुनिश्चित करें कि दिन का एक वक्त का भोजन रोजाना परिवार के साथ लें। टेबल पर सिर्फ खाना ही नहीं बल्कि प्यार, विचारों, चिंताओं, सॉल्यूशंस आदि की अदला-बदली होगी। फैमिली को टाइम देने से आप ऑफिस के काम और जिम्मेदारियों को कुछ समय के लिए भूल पाएंगे। इससे आपको मानसिक तौर पर भी बदलाव महसूस होगा जिससे काफी राहत महसूस होगी।

## बच्चों पर फोकस

माना कि आप अपने काम या कार्यस्थल से थके-हारे आते हैं। कई प्रकार की टेंशन होती है। उसमें ही समय निकाल कर अपने बच्चों पर ध्यान दें। जब आपके बच्चे स्कूल का होमवर्क कर रहे हों, कुछ देर उनके पास बैठ जाएं। उससे आपको यह पता चलेगा कि उनके स्कूल में क्या प?ाया जा रहा है। साथ ही बच्चों में कॉन्फिडेंस भी आएगा। यदि कुछ डाउट होगा, तो वो आपसे पूछ सकते हैं। बच्चों को ये समझाएं कि जब किसी काम में मन नहीं लगे, तो वो बुक्स को बेस्ट फ्रेंड बना सकते हैं। इसके लिए बेहतर है कि स्कूल-कॉलेज की टेक्स्ट बुक्स के अलावा भी उनकी रुचि की पुस्तकें उन्हें लाकर दें।

## हल्के-फुल्के पल

जब बच्चों का होमवर्क खत्म हो जाए, तो उनके साथ ही कुछ पल हंसी-ठिठोली के बिताएं। साथ में खाने खाएं और उनके दोस्तों के बारे में भी पूछ सकते हैं। उससे वे आपके साथ कंफर्ट महसूस करेंगे। यह भी किया जा सकता है कि घर की साफ-सफाई में उनको साथ लेकर काम करें। उससे एक तो घर की बेहतर सफाई होगी और बच्चों को भी अपना काम करने का शऊर आएगा। कभी-कभी उनसे ये पूछें कि वीकेंड पर उनको कहां जाना है? वीकेंड में कई बार उनकी पसंदीदा जगह पर उन्हें ले जा भी सकते हैं।

## फीचर

सेहतव्रत में हल्का आहार, स्वास्थ्य रहे बरकरार

नवरात्रि में उपवास रखने की इच्छा हर किसी की रहती है लेकिन वे लोग जो ऑफिस जाते हैं उनके लिए ऑफिस के वर्क प्रैशर के साथ-साथ उपवास रखना काफी मुश्किल हो जाता है। लेकिन अगर आप कुछ बातों का ख्याल रखें तो अपने उपवास को आराम से रख सकते हैं और साथ ही अपने घर और ऑफिस के काम को भी सुगमता से मैनेज कर सकते हैं। इसके लिए क्या करना है, जानिये डायटीशियन डॉ. रेणु गर्ग से

## उपवास क्यों जरूरी

हमारी सेहत के लिए बीच-बीच में उपवास रखना बहुत जरूरी होता है। क्योंकि उपवास के दौरान हमारी बॉडी डीटॉक्स होती है। क्योंकि उपवास के दौरान हम पूरा दिन पानी, नारियल पानी, नींबू पानी, दूध, फलों का जूस और फलों का ही सेवन करते हैं और यह सभी चीजें हमारी बॉडी को डीटॉक्स करती हैं।

## इन बातों का रखें ख्याल

हम उपवास रखना तो चाहते हैं और रखते भी हैं लेकिन एक बड़ी गलती कर देते हैं जिससे उपवास का असर गलत प? जाता है। अकसर हम उपवास के दौरान बाजार में मिलने वाले खूब सारे व्रत के स्नैक्स खरीद कर ले आते हैं और खूब सारे चिप्स, व्रत की नमकीन और तमाम तरह की अन्य चीजों से अपने पेट को खूब भर देते हैं। यह हमारी सेहत के लिए ठीक नहीं है। उपवास में भक्ति और सेहत दोनों जुड़े होते हैं। हम भक्ति तो रखते हैं लेकिन अपनी सेहत के साथ बिल्कुल उल्टा कर देते हैं। यह देखिए कि हमारी मां, नानी-दादी किस प्रकार उपवास रखा करती थीं। वे क्या-क्या चीजें खाती थीं। आज हर चीज बाजारवाद के चंगुल में फंस चुकी है, उसमें हमारे उपवास भी शामिल हैं।

## पानी वाले पदार्थ

बेहतर है कि व्रत के दौरान पानी का सेवन ब?ा दें। नींबू पानी, नारियल पानी, बटर मिल्क पीना ठीक रहता है। दही का सेवन करें। जूस की बजाए फल खाएं। जूस पीने से आपको केवल जूस मिलेगा लेकिन फल खाने से जूस के साथ-साथ फाइबर भी मिलेगा। ठीक रहता है यदि खाने के बीच में लंबे गैप न रखें। दो-तीन घंटे के अंतराल में कुछ न कुछ फल या ड्राई फ्रूट खाते रहें। कुल मिलाकर, अपने नवरात्रि उपवास को इन छोटी-छोटी बातों का ख्याल रख कर इंजॉय करें। भक्ति के साथ-साथ सेहत का भी सही तालमेल रखें।

रेणु खंतवाल

# आपका राशिफल 26 सितम्बर

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ)
दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने में सफल होंगे। व्यापार में स्थिति ठीक रहेगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। शुभांक-1-3-6

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो)
संतोष से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। शुभांक-4-6-8

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा)
मनोरथ सिद्ध होंगे, पूरे मनोयोग से काम में लगे रहे। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। शुभांक-2-5-7

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो)
स्वास्थ्य में ताजगी बनने से नई ऊर्जा का संचार होगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। शुभांक-5-7-8

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे)
सुनियोजित तरीके से कार्य आरम्भ करें, सफल होंगे। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। शुभांक-1-2-5

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो)
अध्ययन-अध्यापन में समय गुजरेगा। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभांक-3-5-7

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते)
महत्त्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। रूकावटें आएंगी। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। कार्य भार बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। वैचारिक उत्तेजना पर नियत्रंण रखें। शुभांक-5-6-8

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू)
परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। खान-पान में सावधानी रखें। अच्छे समय का इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। नैतिक दायरे में रहें। शुभांक-2-5-7


**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे)
सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें। रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। राजकीय कार्यों से लाभ। मनोबल ऊंचा रखें। शुभांक-5-6-7

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी)
अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। साक्षात्कार के लिए दिन शुभ रहेगा। शुभांक-5-7-8

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा)
कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। निकट जनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। बुरी संगति से बचें। सुविधाओं में शनै:-शनै: बाधा आएगी। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। शुभांक-5-7-8

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची)
पूर्व में किये कार्यों से लाभ मिलेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। शांतिपूर्वक कार्य करें। शुभांक-1-4-5

## फिल्म वर्ग पहेली- 5940



**बायें से दायें:-**

१. अनिल कपूर, श्रीदेवी, उर्मिला की 'हो मुझे प्यार हुआ' गीत वाली फिल्म-३
३. 'मन क्यों बहका रे' गीत वाली फिल्म-३
५. जैकी, संजयदत्त, रवीना की 'याइला रे लड़की मस्त मस्त' गीत वाली फिल्म-२
६. 'छोटा बच्चा जानके' गीतवाली फिल्म-३
७. अक्षय, जैकी, सुनील, रवीना, लारा की 'कोई प्यार ना करे' गीतवाली फिल्म-२
८. फिल्म 'चलते चलते' में नायिका-२
९. शाहरूख, मनीषा, प्रीति की 'जिया जले जान' गीत वाली फिल्म-२,१
११. 'खुल गया नसीब देखो साला' गीत वाली सुनील शेट्टी, पूजा की फिल्म-२
१२. अमिताभ, फरदीन, करीना की 'जब नहीं आये थे' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'भैया मेरे पापा को' गीत वाली मनोज बाजपेयी, रवीना टंडन की फिल्म-२
१४. बिश्वजीत, माला सिन्हा की 'अकेला हूँ मैं' गीत वाली फिल्म-२
१५. 'तेरी दुनिया से दूर' गीत वाली महीपाल, श्यामा की फिल्म-३
१८. कंवलजीत, वहीदा रहमान की 'पर्वतों के पेड़ों पर' गीत वाली फिल्म-३
२०. मिथुन, आयशा जुल्का की फिल्म-३
२१. राजेशखन्ना, मुमताज की 'गोरे रंग पे ना इतना' गीत वाली फिल्म-२
२२. 'दुनिया जब जलती है' गीत वाली धर्मेन्द्र, हेमा मालिनी की फिल्म-२
२३. देव आनंद, माला की 'कोई सोने के दिल वाला' गीत वाली फिल्म-२
२७. 'मेरी उमर के नौजवानों' गीत वाली ऋषिकपूर, टीना मुनीम की फिल्म-२
२८. नसीर, आमिर, सोनाली की 'होशवलों को खबर' गीत वाली फिल्म-५
२९. 'प्रहार' में डिम्पल के साथ नायक ?-२
३०. गोविंदा, नीलम की 'मैं प्यार का पुजारी' गीत वाली फिल्म-२
३१.'मैं क्या करूं राम' गीतवाली फिल्म-३

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'जब कोई बात बिगड़ जाये' गीत वाली विनोद खन्ना, मीनाक्षी शेशद्रि की फिल्म-२
२. संजीवकुमार, लीना चंदावरकर की 'पैसे बिना प्यार फिजूल है' गीत वाली फिल्म-३
३. 'इन आँखों की मस्ती के' गीत वाली नसीर, फारूख शेख, रेखा की फिल्म-४,२
४. राजकुमार, सुनीलदत्त, साधना, शर्मिला की 'हम जब सिमट' गीत वाली फिल्म-२
५. 'दो प्यार करने वाले' गीत वाली फिल्म-३
७. जैकी श्रॉफ, जूही, अमृता की 'मेरी बन्नो की' गीत वाली फिल्म-३
९. 'शाम है धुआं धुआं' गीत वाली अजय देवगन, मधु, सोनाली बेंद्रे की फिल्म-४
१०. विनोद खन्ना, नीतूसिंह की 'बनके संवरके मैं निकली' गीत वाली फिल्म-३
१६. 'अगर जिंदगी हो तेरे' गीत वाली अविनाश वधावन, आयशा की फिल्म-३
१७. गुरूदत्त, आशा पारेख की 'वो दिल कहाँ से लाऊं' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'दुनिया हसीनों का मेला' गीत वाली बॉबी, मनीषा, काजोल की फिल्म-२
२०. संजीवकुमार, रेहाना सुल्तान की फिल्म-३
२४. 'छू कर मेरे मन' गीत वाली अमिताभ, अमजदखान, नीतूसिंह की फिल्म-३
२५. 'मैं कुड़ी अनजानी' गीत वाली फिल्म-२
२६. 'तू लाली है सवेरे वाली' गीत वाली विनोद मेहरा, सायराबानो की फिल्म-३
२८. मनोज वाजपेयी, उर्मिला की 'मेरे पास भी है' गीत वाली फिल्म-४
२९. संजयदत्त, कुमार गौरव, पूनम की फिल्म-२

**फिल्म वर्ग पहेली- 5939**



Jagrutidaur.com, Bangalore

# गुल्लक से 25 करोड़ तक के सफर में ऑटो ड्राइवर

एक बहुचर्चित पौराणिक कहावत है कि पुरुष का भाग्य कब पलटा खा जाये ये देव भी नहीं जानते। यह कहावत केरल के ऑटो चालक पर खरी उतरी है। देश में कई कामों में भाग्य आजमाने और विदेशों में काम धंधा करने वाले केरल के अनूप बी की किस्मत आखिर स्वदेशी भूमि पर ही चमकी। वह अब मलेशिया जाकर अपना भविष्य संवारने की जुगत में था। नौकरी मिल भी गई थी और एक बैंक से इसके लिये लोन का भी आवेदन किया था। उसका लोन तब पास हुआ जब लक्ष्मी छप्पर फाड़ कर बरस चुकी थी। अब तो वह दुबारा अपने स्वीकृत लोन के बारे में पूछने बैंक भी नहीं गया। अब उसे लोन-वोन की जरूरत नहीं है क्योंकि अब वह करोड़ोंपति है। अब तो वह जरूरतमंदों की मदद करना चाहता है। इसी हफ्ते हुए करिश्माई घटनाक्रम में तिरुअनंतपुरम में ऑटो चलाने वाले अनूप बी की किस्मत अब हमेशा-हमेशा के लिये बदल गई है। सदैव बड़े बड़े सपने देखने वाले अनूप ने पिछले शनिवार को जब बेटे की गुल्लक तोड़कर जमाराशि में से पचास रुपये निकाले थे तो उसकी पत्नी उस पर खूब बिगड़ी थी कि बच्चे के जमा किये पैसों से उसे लाटरी का टिकट नहीं खरीदना चाहिए। इस बात को लेकर दोनों में खूब नोकझोंक भी हुई थी। लेकिन अनूप पर तो जैसे लाटरी का टिकट खरीदने का जुनून सवार था। पिछले कुछ वर्षों से लगातार लाटरी के टिकट खरीदकर किस्मत चमकाने का ख्वाब देखने वाले अनूप ने पत्नी के उलाहने पर कान नहीं दिया। उसका तो एक ही मकसद था कि उसे इस बार ओनम वार्षिक लाटरी का टिकट खरीदना है। दरअसल, टिकट पांच सौ का था और उसके पास सिर्फ चार सौ पचास रुपये थे। विडंबना यह थी कि पिछले कुछ समय से उसका काम धंधा छूट गया था। कुछ महीने पहले तक वह अच्छा खासा कमाकर घर चला रहा था। इसीलिये वह अब जल्दी से धनी बनने का सपना देख रहा था। उसकी उम्मीदें इसलिये भी उफान मार रही थीं क्योंकि पिछले साल ओनम वार्षिक लाटरी में एक दूसरे टैंपो चालक की बारह करोड़ की लाटरी निकली थी। वह मानकर चल रहा था कि जब एक टैंपो चालक की लाटरी निकल सकती है तो मेरी क्यों नहीं। लेकिन अब वाकई अनूप की किस्मत चमक ही गई है। उस पर लक्ष्मीजी भरपूर



मेहरबान हो गई हैं। क्योंकि उसकी पच्चीस करोड़ की लाटरी जो निकली है। अब तो गुल्लक फोड़ने पर लाल-पीली हो रही पत्नी भी खुशी से झूम रही है। उनके वर्षों पुराने सपने अब सच होने को हैं। वहीं पति-पत्नी को अभी भी भरोसा नहीं हो रहा है कि उनकी पच्चीस करोड़ की लाटरी निकली है। वे आज खबरों की सुर्खियों में हैं। बहरहाल, उनकी किस्मत का दरवाजा खुल गया है। अब अनूप परिवार पर चढ़े लाखों के कर्ज के भार से भी मुक्त हो जायेगा। अब अनूप के दिल में तमाम सपने हिलोरे ले रहे हैं। वह क्या करूं क्या न करूं की दुविधा में घिरा है। लेकिन अच्छा घर बनवाना उसकी प्राथमिकताओं में शुमार है। सबसे पहले वह अपना कर्जा उतारेगा। उसके मन में एक होटल खोलने का भी विचार है। वह कुछ लोगों की मदद भी करना चाहता है। बस उसे अब तो हाथ में रकम आने का इंतजार है ताकि वह तुरंत अपने सपनों को हकीकत में बदल सके। मगर लाटरी लगने के बाद वह अब भी लाटरी के टिकट खरीदना जारी रखेगा। तमाम अखबारों व सोशल मीडिया में उसकी किस्मत चमकने के चर्चे हैं।

अरूण नेथानी

## सूडोकु नवताल- 6452

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | | | 3 | | | 8 | 7 |
| 8 | 7 | | 1 | | 5 | | | |
| | | 2 | | | 9 | | | 4 |
| | 6 | | | | 2 | | 3 | 5 |
| 3 | 8 | | 4 | 1 | 7 | | 2 | 9 |
| 2 | 4 | | 6 | | | | 1 | |
| 7 | | | 3 | | | 8 | | |
| | | | 5 | | 8 | | 7 | 3 |
| 9 | 3 | | | 2 | | | 6 | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -6451 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 | 2 | 9 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 9 | 3 | 1 | 2 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 4 | 6 | 7 | 5 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 5 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 7 | 6 | 2 | 5 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 6 | 7 | 1 | 3 | 5 | 8 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 8 | 2 | 6 | 7 |




**विचार प्रवाह**

जैन धर्म दुनिया का प्राचीनतम धर्म है। यह खुद को जीतने वालों का धर्म है। सत्य, अहिंसा, अचौग्र, ब्रम्हाचर्य और अपरिग्रह इसके सर्वोच्च सिद्धांत है। इतिहास उठाकर देख लीजिए यही एक धर्म है जिसका किसी के साथ संघर्ष नहीं। जैन धर्म एक को परमात्मा नहीं मानता वरन एक- एक को परमात्मा मानता है। हर एक में महावीर होने की क्षमता है।

-मुनिश्री तरुण सागर

## शब्द पहेली - 7493



**बाएँ से दाएँ**

1. अभिप्राय, अभिव्यक्ति-3
3. सादापन, भोलापन-4
6. अवश्य-3
7. कांच का मर्तबान-2
8. पानी से सराबोर-2
10. करधनी, कमर में पहना जाने वाला आभूषण-5
12. उद्धार, उत्कृष्ट-3
15. माला का मोती-3
17. सेवक, रोगी की देखभाल करने वाला-5
20. एक छोटी सवारी गाड़ी-2
22. चलने का ढ़ंग-2
23. गर्भ-3
24. निम्न, निकृष्ट-4
25. कथा, गाथा-3

**ऊपर से नीचे**

2. कमरे में बंद करना-5
3. ईमान, नियत-3
4. क्षारीय-4
5. दीदार-3
7. आशिक, यार-2
9. एक विदेशी मदिरा-2
11. लीन, व्यस्त, मशगूल-3
13. उपस्थित-3
14. चलाने वाला, संचालक-5
15. मतवाला, उन्मादी-4
16. चाचा, अंकल-2
18. पैंतरा, वेग-2
19. काफी, कोको -3
21. गिरवी वस्तु-3

**शब्द पहेली -7492 का हल**



Jagrutidaur.com, Bangalore

# प्रदेश में विद्युत लाइनों की ड्रोन के जरिए निगरानी

## दुर्गम इलाकों में फाल्ट का पता लगाने, मरम्मत में होगी आसानी

**भोपाल,यशभारत।।** प्रदेश में विद्युत विभाग ने विजली आपूर्ति की लाइनों में फाल्ट या टूट-फूट का जल्द पता लगाकर दुरुस्त करने और परिसंचरण में होने वाले लॉस को रोकने के लिए एक नई पहल की है। अब बिजली सप्लाई की लाइनों पर ड्रोन के जरिए नजर रखी जाएगी। मप्र पावर ट्रांसमिशन कंपनी फिलहाल अपनी 220 केवी अति उच्चदाब लाइनों की पेट्रोलिंग ड्रोन तकनीक से करवा रही है। पायलट प्रोजेक्ट में मिली सफलता के बाद मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी इस प्रोजेक्ट का दायरा विस्तारित कर रही है। प्रदेश की 35 साल से ज्यादा पुरानी लगभग 100 लाइन की मानिटरिंग के लिए मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी पहली बार ड्रोन पेट्रोलिंग का इस्तेमाल कर रही है। टावरों की ड्रोन पेट्रोलिंग से प्राप्त डाटा का विश्लेषण कर जंग लगे एवं मिसिंग टावर पार्ट्स को चिह्नित कर सुधार कार्य समय पर संभव हो सकेगा। पहले चरण में 220 केवी अति उच्चदाब लाइनों के टावरों की ड्रोन पेट्रोलिंग की जा रही है। बाद में 400 एवं 132 केवी की अति उच्चदाब लाइनों की ड्रोन पेट्रोलिंग की जाएगी।

### अगले माह से शुरूआत

मप्र पावर ट्रांसमिशन कंपनी शुरुआती चरण में प्रदेश में 2850 किलोमीटर लंबी लाइनों के लगभग 10 हजार टावर की पेट्रोलिंग कर डाटा जुटाएगी। प्राप्त डाटा का आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस साफ्टवेयर से संग्रहण कर बारीकी से परीक्षण किया जायेगा। यह कार्य आगामी अक्टूबर से प्रारंभ कर मार्च 2023 तक पूरा करने का लक्ष्य है।

### सूक्ष्म फाल्ट की भी निगरानी संभव

ड्रोन पेट्रोलिंग कराने से दुर्गम इलाकों में टावरों की निगरानी संभव हो सकेगी।



साथ ही किसी लाइन के फाल्ट होने पर ड्रोन से प्राप्त टावरों और लाइन की फोटो और वीडियो का तुरंत परीक्षण कर टूट-फूट की मरम्?मत की जा सकेगी। इससे ब्रेकडाउन समय में उल्लेखनीय कमी आ सकेगी। इसके अलावा प्रिवेंटिव मेंटेनेंस में भी समय पर छोटे से छोटे फाल्ट की भी मॉनीटरिंग कर जरूरी सुधार किया जा सकेगा।पावर ट्रांसमिशन कंपनी प्रदेश में स्थापित 39572 सर्किट किलोमीटर लंबी अति उच्च दाब लाइनों का 79915 अति उच्च दाब टावर के सहारे विद्युत पारेषण करती है। पहाड़, नदी और तालाब सहित अनेक दुर्गम भौगोलिक इलाकों से गुजरने वाली इन लाइनों का समय पर उचित रखरखाव के लिए एडवांस और प्रभावी तकनीक का उपयोग करना जरूरी हो गया था, जिससे शासन की नीति के अनुसार चौबीसों घंटे निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।

# गरबा एक्सप्रेस पर देश को दिखेगी मध्य प्रदेश की झलक

**भोपाल,ईएमएस। मध्य प्रदेश की पर्यटन, संस्कृति और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व मंत्री उषा ठाकुर ने कहा कि मध्य प्रदेश पूरे देश की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहरों को सहेजता है। अब मध्य प्रदेश के सांकृतिक, ऐतिहासिक, प्राकृतिक और मन भावन पर्यटन स्थलों की झलक गरबा एक्सप्रेस पर पूरे देश को दिखाई देगी। ठाकुर गुजरात के गांधीधाम जंक्शन पर गरबा एक्सप्रेस (ट्रेन नंबर 12937/38) पर मध्य प्रदेश की ब्रांडिंग के अनावरण कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं।**




ठाकुर ने कहा कि अगर आप सभी ने हिंदुस्तान का दिल मध्य प्रदेश नहीं देखा तो आपने कुछ नहीं देखा। मध्य प्रदेश में 33 करोड़ वर्ष पुरानी विश्व की प्राचीनतम नदी मां नर्मदा, दो ज्योतिर्लिंग, त्रेता युग का मंदिर राजेश्वर, सतयुग की नगरी जानापाव सहित प्राचीन बौद्ध स्मारक भी मौजूद है। इन सभी स्थलों सहित प्रदेश के महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों को दर्शाती गरबा एक्सप्रेस देशभर के पर्यटकों को मध्य प्रदेश आमंत्रित करेंगी।

च्संस्कृति और धरोहरों का अद्भुत संगम है स्क्र

अपर प्रबंध संचालक टूरिज्म बोर्ड विवेक श्रोत्रिय ने कहा कि गरबा एक्सप्रेस पर मध्यप्रदेश के पर्यटन स्थलों और नैसर्गिक सौंदर्य को विनाइल रैपिंग के माध्यम से दर्शित किया गया है। यह प्रदेश के पर्यटन स्थलों को भारत की जनता तक पहुंचाने की पहल है। मध्य प्रदेश को भारत का दिल कहा जाता है। जैसे दिल में शरीर का सारा रक्त पहुंचता है वैसे ही मध्य प्रदेश में सभी राज्यों की संस्कृति और धरोहरों का अद्भुत संगम है। इसलिए पर्यटकों को कम से कम एक बार मध्य प्रदेश जरूर आना चाहिए। श्रोत्रिय ने गुजरात एवं देश के सभी पर्यटकों को मध्यप्र देश आने के लिए आमंत्रित भी किया।

### हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

ठाकुर ने गांधीधाम विधायिका मालती बेन महेश्वरी, एएमडी श्रोत्रिय और पश्चिम रेलवे के एआरएम आदिश पठानिया के साथ हरी झंडी दिखाकर गरबा एक्सप्रेस को रवाना किया। मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा पश्चिम रेलवे के सहयोग से गुजरात के गांधीधाम और पश्चिम बंगाल के हावड़ा के बीच चलने वाली गरबा एक्सप्रेस (ट्रेन नंबर 12937/38) पर प्रदेश के पर्यटन गंतव्यों, आयोजनों, मेलों की ब्रांडिंग करवाई गई है।

### यह होगी गरबा एक्सप्रेस की टाइमिंग

गरबा एक्सप्रेस गांधीधाम से शाम 6¬10 पर निकलेगी और गुजरात, मध्यप्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल के विभिन्न शहरों से गुजरते हुए हावड़ा स्टेशन पर तीसरे दिन दोपहर 12.55 पर पहुंचेगी। इस दौरान ट्रेन मध्य प्रदेश सहित 6 राज्यों से गुजरेगी। इन राज्यों में मध्य प्रदेश के प्रमुख पर्यटन गंतव्यों सहित जल महोत्सव, मांडू उत्सव, स्काई डाइविंग, हॉट एयर बलून जैसी गतिविधियों का भी प्रचार होगा।



# नवरात्र पंडलों और गरबा आयोजनों में तम्बाकू उत्पाद के प्रचार-प्रसार रोके

**भोपाल, यशभारत।** मध्य प्रदेश नेशनल हेल्थ मिशन (ह्वारू) की संचालक ने नवरात्रि पंडालों और गरबा आयोजनों में तम्बाकू उत्पादों के विज्ञापन रोकने और उसके दुष्प्रभावों के प्रचार-प्रसार को लेकर सभी कलेक्टर्स और पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखा है। इसमें उनसे नवरात्रि पंडालों और गरबा आयोजकों को निर्देश जारी करने को कहा गया है। एनएचएम की मिशन संचालक प्रियंका दास की तरफ से लिखे पत्र में बताया गया है कि जानकारी के अभाव में विभिन्न आयोजक नवरात्रि के समय दुर्गा उत्सव पंडालों, गरबा पंडालों में तम्बाकू उत्पादों के विज्ञापन तथा विभिन्न प्रतियोगिताएं एवं मनोरंजन कार्यक्रम के लिए इन उत्पादों के बैनर एवं स्पॉन्सरशिप स्वीकार कर लेते हैं। इस तरह से अप्रत्यक्ष विज्ञापनों से तंबाकू के उत्पादों का प्रचार होता है, जो कि प्रदेश की जनता के स्वास्थ्य के लिए खतरा है।

**NHM संचालक ने लिखा पत्र**

साथ ही यह तंबाकू नियंत्रण अधिनियम की धारा 5 का उल्लंघन है। उन्होंने लिखा कि सभी नवरात्रि उत्सव, गरबा समारोह इत्यादि के आयोजकों का यह कर्तव्य है कि वे अपने आयोजन के दौरान तंबाकू उत्पादकों के स्पॉन्सरशिप तथा विज्ञापन स्वीकार न करें एवं आयोजन स्थल पर धूम्रपान को पूर्णतः प्रतिबंधित करें। साथ ही आयोजन के दौरान आने वाले लोगों को तंबाकू के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के संबंध में जानकारी देने के लिए विभिन्न प्रचार-प्रसार गतिविधियों जैसे तंबाकू विरोधी बैनर एवं पोस्टर का प्रदर्शन तंबाकू विरोधी नारों का प्रदर्शन स्टॉल, विभिन्न तंबाकू विरोधी प्रतियोगिताएं जैसे वाद-विवाद, पोस्टर प्रतियोगिताएं इत्यादि का आयोजन करें। साथ ही तंबाकू की आदत छोड़ने हेतु हेल्पलाइन नम्बर 1800112356 का प्रचार प्रसार करने को कहा गया है।

# कूनो में चीतों के बाद अब यहां छोड़े जाएंगे बाघ, मंत्री सिंधिया ने की थी मांग, एनटीसीए ने दी मंजूरी

**भोपाल ,यशभारत।** मध्यप्रदेश में ग्वालियर-चंबल के लिए यह अच्छी खबर है। पहले चरण में तीन बाघ माधव नेशनल पार्क में छोड़े जाएंगे। इसमें एक नर और दो मादा होंगे। यदि बाघ वहां पर सरवाइव करते हैं, तो अगले चरण में दो और बाघ माधव नेशनल पार्क में छोड़े जाएंगे। वन विभाग ने एनटीसीए की मंजूरी के बाद नवंबर में बाघ छोड़ने की तैयारी शुरू कर दी है। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने केंद्रीय वन और पर्यावरण मंत्रालय को माधव नेशनल पार्क में बाघ बसाने की मांग की थी। सिंधिया की इस पर मंत्रालय ने पांच बाघ माधव नेशनल पार्क में छोड़ने की अनुमति दी है। एनटीसीए की मंजूरी के बाद अब मध्यप्रदेश का वन विभाग बाघ को चिन्हित करने में लगा है। सतपुड़ा और बांधवगढ़ नेशनल पार्क से तीन बाघ पहले चरण में माधव नेशनल पार्क में छोड़े जाएंगे। फिलहाल, माधव नेशनल पार्क में बाघों के अनुकूल बाड़े तैयार किए जा रहे हैं। नवंबर महीने में बाघों को यहां छोड़ दिया जाएगा। सरकार की इस पहल से ग्वालियर-चंबल संभाग में तीन बिग कैट होंगे। यहां तेंदुए पहले से हैं। हाल ही में कूनो में चीते भी छोड़े जा चुके हैं। अब बाघ भी बसाए जा रहे हैं। ऐसे में जो पर्यटक चीतों को देखने के लिए आएंगे, वह महज 60 किलोमीटर का सफर तय कर माधव राष्ट्रीय उद्यान में बाघ भी देख सकेंगे। ऐसे में मतलब साफ है कि प्रदेश की सियासत में इस समय ग्वालियर-चंबल केंद्र बिंदु में है। यही वजह है कि इसे चंबल में चीतों के बाद अब बाघों की दस्तक की तैयारी से यहां का सियासी माहौल भी बदलने की एक कोशिश कही जा सकती है।

# पत्नी पर पेट्रोल डालकर लगाई आग, दिल दहलाने वाला वीडियो हो रहा वायरल

**भोपाल,यशभारत।** राजधानी से सटे सीहोर में दिल दहलाने वाला हादसा सामने आया है। पारिवारिक विवाद में एक महिला को पति ने जिंदा जलाने की कोशिश की। पति ने पेट्रोल डालकर उसे आग लगा दी भाग गया। चीखें सुनकर पड़ोसी पहुंचे और आग बुझाई। महिला को अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद भोपाल रैफर किया गया है। महिला की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने देवास से पति को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार मामला सीहोर जिले के थाना कोतवाली इलाके के बारादरी कस्बे का है। नलिन बुधौलिया, टीआई, कोतवाली थाना ने बताया कि यहां रहने वाली दृष्टिहीन कलाबाई मालवीय की 25 वर्षीय बेटी दीक्षा का विवाह उज्जैन के राजेश मालवीय से हुआ था। अनबन होने के कारण दीक्षा कुछ दिनों से मां के पास ही रह रही थी। हालांकि पति यहां आकर भी विवाद करता था और मारपीट भी किया करता था। परेशान दीक्षा ने पुलिस में शिकायत भी कर रखी थी। दीक्षा की शादी उज्जैन के राजेश मालवीय से हुई थी। - फोटो ¬सोशल मीडियाशुक्रवार को राजेश फिर ससुराल पहुंच गया। इस बार वह उसे जान से मारने की नीयत से ही पहुंचा था। वह पेट्रोल लेकर आया था। यहां आने के बाद उसने दीक्षा से फिर विवाद किया। विवाद टालने के लिए दीक्षा बाथरूम में चली गई। तभी राजेश ने ऊपर से पेट्रोल डालकर आग लगा दी और तुरंत भाग निकला। सारा मामला सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। उधर महिला की चीखें सुनकर पड़ोसी वहां पहुंचे और आग बुझाई। महिला को जिला अस्पताल लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार दिया गया। हालत खराब होने पर उसे भोपाल रेफर कर दिया है। पड़ोसियों के बयान पर और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है। जांच के बाद आरोपी पति राजेश मालवीय को गिरफ्तार कर लिया है।

# बैरागढ़ में झांकी स्थलों के आसपास पुलिस तैनात होगी जुआरियों पर रहेगी पैनी नजर

**भोपाल,ईएमएस। बैरागढ़ में शारदेय नवरात्र के दौरान स्थापित मां अंबे की झांकियों के आसपास सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस तैनात रहेगी। शांति समिति की बैठक में पुलिस ने झांकी समिति के पदाधिकारियों से आग्रह किया कि वे रात्रि 10 बजे के बाद लाउड स्पीकर की आवाज कम कर दें, ताकि बुजुर्ग नागरिकों, मरीजों एवं पढ़ाई कर रहे बच्चों को परेशानी नहीं हो।**



बैरागढ़ थाने में आयोजित बैठक में सहायक आयुक्त अंतिमा समाधिया एवं थाना प्रभारी डीपी सिंह ने कहा कि दुर्गोत्सव एवं दशहरा आदि त्यौहार सब शांतिपूर्ण माहौल में मनाएं। ऐसा कोई कार्य न करें, जिससे किसी को असुविधा हो। बैठक में पार्षद अशोक मारण ने विसर्जन से एक दिन पहले ही शराब की दुकानें बंद करनी चाहिए ताकि चल समारोह में कोई भी शराब पीकर हुड़दंग न करे। बैठक में भाजपा के मंडल अध्यक्ष कमल वीधानी, चंदू भाई इसरानी ने भी अपने सुझाव रखे। जोनल अधिकारी विक्रम झा ने झांकी समितियों से व्यवस्था में सहयोग की अपील की। पुलिस ने झांकी स्थलों पर जुआ नहीं करने की अपील की। पिछली बार कुछ झांकी स्थलों से जुआरी पक? गए थे। गांधीनगर थाने में भी शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में झांकी समिति के पदाधिकायों को व्यवस्था में सहयोग करने की अपील की गई। एएसीपी अंतिमा समाधिया ने बताया कि खजूरी थाने में आज शाम ग्राम सुरक्षा समिति की बैठक होगी।

बैठक में ग्रामीण इलाकों में शांतिपूर्ण माहौल में त्यौहार मनाने की अपील की जाएगी।

# दिग्विजय कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनते हैं तो खुशी होगी : बीडी

**भोपाल,यशभारत।** कांग्रेस में राष्ट्रीय अध्यक्ष को लेकर चुनावी प्रक्रिया शुरू हो गई है। राहुल गांधी के अध्यक्ष बनने से इनकार करने के बाद राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का नाम सबसे आगे चल रहा है। जबकि मध्य प्रदेश के पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह का नाम भी राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए सामने आया था। लेकिन उन्होंने संकेत दिए है कि अब वे इस अध्यक्ष पद के दावेदार नहीं है। लेकिन इसे लेकर भाजपा के एक नेता का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि अगर दिग्विजय सिंह कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनते हैं तो उन्हें खुशी होगी।



दरअसल नगरीय निकाय चुनाव को लेकर मंडला पहुंचे भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने यह बड़ा बयान दिया है। वीडी शर्मा ने कहा कि हमें खुशी होगी कि मिस्टर बंटाधार राष्ट्रीय अध्यक्ष बने ताकि हम ये तो कह सकें कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष हमारे प्रदेश से हैं। इस दौरान वीडी शर्मा ने कांग्रेस अध्यक्ष की रेस में सबसे आगे चल रहे अशोक गहलोत पर भी निशाना साधते हुए कहा कि अशोक गहलोत को तो दुनिया जानती है कि वह क्या हैं। हम तो मानते है कि हमारा प्रतिद्वंदी कमजोर न हो लेकिन आज कांग्रेस टुकड़े-टुकड़े हो रही है। क्योंकि कांग्रेस एक वर्ग विशेष की राजनीति करती है। उन्होंने आगे कहा कि राहुल और दिग्विजय क्या भारत जोड़ेगे। ये तो देश के खिलाफ गतिविधियों में संलग्न रहने वालों के समर्थक है, ये क्या देश जोड़ेगे? शर्मा ने राहुल गांधी पर बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि इन्होंने देश के साथ बेईमानी की है साथ ही राहुल को सलाह दी कि राहुल पहले देश का इतिहास पढ़े फिर बात करें।

# साढ़े चार लाख बच्चों को अब तक नहीं मिली साइकिल

**भोपाल, ईएमएस। प्रदेश के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले पांच लाख बच्चों को हर साल साइकिल वितरित की जाती है। कोरोना के कारण पिछले दो सत्र से स्कूल नहीं लगे, तो बच्चों को साइकिल भी नहीं मिल पाई है। इस साल 15 जून से नवीन शैक्षणिक सत्र शुरू हो चुका है। स्कूल भी नियमित लग रहे हैं। इसके बावजूद अब तक बच्चों को साइकिलों का वितरण नहीं किया गया है।**



इस संबंध में जब स्कूल शिक्षा विभाग से जानकारी ली गई तो पता चला कि सत्र में अभी सिर्फ 40 हजार आदिवासी क्षेत्रों के बच्चें को साइकिल मिलेगी। प्रदेश के साढ़े चार लाख से ज्यादा अन्य स्कूली बच्चों को साइकिल के लिए अभी और इंतजार करना पड़ेगा।वहीं स्कूल शिक्षा राज्यमंत्री इंदर सिंह परमार का कहना है कि पहले आदिवासी बच्चों को साइकिलें दी जाएगी। बाद में अन्य को मिलेंगी। इसका कारण उन्होंने अभी कुछ भी बताने से इंकार कर दिया। बता दें, कि शासन की ओर से सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले छठवीं और नौवीं कक्षा के विद्यार्थियों को मुफ्त साइकिल दी जाती है। साइकिल वितरण योजना में 180 करोड़ रुपये बजट का प्रविधान है। वहीं इस सत्र में विद्यार्थियों को मनपसंद साइकिल देने का प्रस्ताव भी तैयार किया जा रहा है।स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से ग्रामीण क्षेत्रों के हर साल छठवीं और नौवीं के विद्यार्थियों को साइकिल दी जाती है। सत्र 2019-20 में प्रदेश के करीब आठ लाख विद्यार्थियों को साइकिलें दी गई थी। इस साल करीब पांच लाख विद्यार्थियों को साइकिलें प्रदान की जाएंगी। विभाग इस बार सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों को मनपसंद साइकिल देने की तैयारी कर रहा है। विद्यार्थियों को टोकन दिया जाएगा। पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर अभी भोपाल व इंदौर के विद्यार्थियों को टोकन दिया जाएगा। विद्यार्थी चाहे तो पैसे मिलकार महंगी साइकिल भी खरीद सकेंगे। इसके लिए अभी प्रस्ताव तैयार है, लेकिन मंजूरी नहीं मिलने के कारण अब तक विद्यार्थियों को साइकिल प्रदान नहीं की गई।

अब बालाघाट, बैतूल, छिंदवाड़ा, होशंगाबाद, सिवनी, मंडला,श्योपुर, अलीराजपुर, बड़वानी, धार, झाबुआ, खंडवा, खरगोन, अनूपपुर, डिंडोरी, शहडोल, सीधी और उमरिया जिले के विद्यार्थियों के लिए साइकिल खरीदी जाएंगी।

# 2 हजार मरीजों का शिविर में मिला इलाज



## सेवा पखवाड़े के तहत आयोजन

**पाटन, यशभारत।** भाजपा के चिकित्सा प्रकोष्ठ के द्वारा पाटन में चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। यहां शिविर में 2 हजार मरीजों को उपचार किया गया है और निशुल्क दवाईयां वितरित की गई।रक्तदान भी किया गया यहां शिविर में बताया गया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर सेवा पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया गया है।शिविर में डॉ पुष्पराज पटेल, डॉ अविजित विश्नोई, डॉ प्रतीक ड्क्षसह, डॉ आदर्श विश्नोई, डॉ कावेरी पटेल ने मरीजों की जांच कर उन्हें परामर्श दिया। शिविर का आयोजन चिकित्सा प्रकोष्ठ के संयोजन डॉ नितिन दुबे, जिला अध्यक्ष रानू तिवारी, राजकुमार पटेल, कृष्ण शेखर, देवेंद्र दुबे, बालचंद्र जैन, विजय विश्नोई, रूपेश सिंह ,उदयराजसिंह जी, आशीष गोटियां, अरबिंद पटेल, आचार्य जगेंद्र सिंह, अभिषेकसिंह ,राजकुमार सिंह, राकेश सिंह, राघवेंद्र यादव, प्रकोष्ठ से डॉ अमित खरे, पुष्पेंद्र शुक्ला, डॉ आशीष नेमा, डॉ दीपक दुबे, डॉ सुभाष सराफ, डॉ शोभाराम कनोजिया, डॉ कमलेश श्रीवास, डॉ आलोक वर्मा, डॉ अमित साहू ,रविकांत पाठक, अभय मिश्रा शामिल रहे है।

# कुंडम में सेवा पखवाड़ा का आयोजन




**कुंडम, यशभारत।** देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन से आरंभ हुये सेवा पखवाड़ा के रूप में प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा 17 सितम्बर से 31 अक्टूबर तक चलाये जा रहे सेवा पखवाड़ा के तहत जनपद पंचायत कुंडम के अंतर्गत ग्राम पंचायत इमलई राजा में जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष वरकड़े की उपस्थिति में एवं जनपद पंचायत अध्यक्ष सुरेन्द्र धुर्वे विशिष्ट अतिथि में शिविर का आयोजन किया गया इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष सुरेन्द्र ठाकुर सरपंच हेमराज झारिया अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिलाध्यक्ष विजय बहादुर परस्ते पूर्व मण्डल अध्यक्ष विनोद मार्को, बहन दमयंती , उपसरपंच दिनेश जायसवाल, इमलई पंचायत के पंच एवं , जुझारी सरपंच अमर सिंह, तहसीलदार प्रदीप कौरव, नायव तहसीलदार नेहा जैन, पटवारी, सचिव, सहायक सचिव, बीएलओ, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## नर्मदा एवं अमरकंटक एक्सप्रेस में एक-एक अतिरिक्त कोच की अवधि बढ़ाई

**जबलपुर यशभारत।** रेल प्रशासन द्वारा त्यौहारी सीजन में अतिरिक्त यात्री यातायात एवं प्रतीक्षा सूची क्लीयर करने के उद्देश्य से गाड़ी संख्या 18234/18233 बिलासपुर-इंदौर-बिलासपुर एक्सप्रेस तथा गा?ी संख्या 12853/12854 दुर्ग-भोपाल-दुर्ग एक्सप्रेस में अस्थाई तौर पर लगाये जा रहे एक-एक शयनयान श्रेणी कोच की अवधि बड़ाई गई है। यह कोच गाड़ी संख्या 18234 बिलासपुर-इंदौर नर्मदा एक्सप्रेस ट्रेन में 01.10.2022 से 31.10.2022 तक तथा गाड़ी संख्या 18233 इंदौर-बिलासपुर नर्मदा एक्सप्रेस ट्रेन में दिनांक 02.10.2022 से 01.11.2022 तक अस्थाई तौर पर जोड़ा जाएगा। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 12853 दुर्ग-भोपाल अमरकंटक एक्सप्रेस ट्रेन में दिनांक 01.10.2022 से 31.10.2022 तक तथा गाड़ी संख्या 12854 भोपाल-दुर्ग अमरकंटक एक्सप्रेस ट्रेन में दिनांक 02.10.2022 से 01.11.2022 तक अस्थाई तौर पर जोड़ा जाएगा।

# धूमधाम से निकली भगवान श्रीराम की बारात, आज विवाहोत्सव की धूम

**जबलपुर, यशभारत।** नगर में इन दिनों अनेक क्षेत्रों में भगवान श्रीराम की मानव लीला का मंचन किया जा रहा है। जबलपुर। राजा राम दूल्हा बनने पर भी गुरुवर विश्वामित्र के साथ थे। पिता के साथ भरत और शत्रुघ्न थे। रही बात बारातियों की तो वे सारे देवता बन गए। भले ही ये झांकियां थीं, पर लगा ऐसा मानो सचमुझ त्रेता में श्रीराम की बारात निकल रही हो। गोविंदगंज रामलीला की श्रीराम बारात में सबसे पहले विघ्न विनाशक भगवान गणेश, फिर भगवान सूर्य और फिर भगवान राधा-कृष्ण, शंकर पार्वती सहित अन्य झांकियां शामिल थी। रामलीला समिति श्रीगोविंदगंज की 158 वीं श्रीराम बारात श्रद्धामय वातावरण में धूमधाम से निकली। समिति के व्यास और नगर पंडित सभा के शीर्षस्थ पं. वासुदेव शास्त्री तथा विधायक विनय सक्सेना ने भगवान का तिलकवंदन कर बारात का श्रीगणेश किया। बारात रामलीला भवन से गुड़हाई, कोतवाली, कमानिया, फुहारा, बड़े महावीर, पांडे चौक, दीक्षितपुरा, चेरीताल, गोपालबाग, दमोह नाका होते हुए वापस रामलीला प्रांगण में संपन्न हुई। अध्यक्ष पं. अनिल तिवारी ने बताया कि निवाढ़ गंज स्थित पंचकोषी मंदिर में भगवान की बारात का अभूतपूर्व स्वागत किया गया। पूर्व नगर कांग्रेस अध्यक्ष दिनेश यादव, संजय गोस्वामी के प्रयासों से यहां हर वर्ष जनवासा का स्वागत होता है। यहां दूल्हा बने श्रीराम सहित चारों भाइयों और अन्य बारातियों को भोग लगाया गया। अध्यक्ष श्री तिवारी ने इसके लिए जनवासा समिति का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि बारात का रास्ते भर स्वागत हुआ। यात्रा मार्ग में भगवान की बारात देखने अपार जनसमूह उपस्थित था।श्री तिवारी ने बताया कि रामलीला मंच पर आज रविवार को श्रीराम जन्मोत्सव मनाया जाएगा। मंच पर राम-जानकी की पांव पखरई और राम कलेवा की लीला होगी। इस मौके पर भगवान को 56 भोग लगाए जाएंगे। इस अवसर पर मंच में मंडप बनाया जाएगा, और भगवान के पाणिग्रहण संस्कार की सभी रश्में संपन्न होंगी। भजनों की आकर्षक प्रस्तुति भी होगी। श्री तिवारी ने श्रद्धालुओं से दर्शन लाभ की अपील की है।

### अहिल्या उद्धार एवं फुलवारी लीला

श्री धनुष यज्ञ रामलीला समिति सदर जबलपुर के द्वारा सजीव अहिल्या उद्धार एवं फुलवारी लीला का चित्रण प्रस्तुत किया गया। समिति के अध्यक्ष अहिल्या उद्धार एवं फुलवारी लीला ने बताया कि पहली बार मंचीय रामलीला में महिलाओं को शामिल किया गया। संस्कारधानी को समर्पित बेटियों ने पुनः एक बार यह साबित कर दिया कि क्यों उनका नाम दुर्गा है क्यों लक्ष्मी रखा गया गंगा जमुना का आज अद्भुत संगम देखकर समस्त दर्शक ने दांतो तले उंगली दबा ली उपस्थिति की अपील अभिषेक चौकसे,मधुर तिवारी धनंजय बाजपेई संतोष तिवारी दिनेश शुक्ला संजयशुक्ला,मोहित अग्निहोत्री ,आशीष पाठक ,रितेश तिवारी नरेश तिवारी, शिवदत्त चौबे आदि उपस्थित थे।

### सुबाहु वध के साथ श्री राम का सीता से हुआ मिलन

श्री रामलीला समिति गढ़ा जबालीपुरम में सर्वप्रथम भगवान श्रीराम का पूजन संचालक अशोक मनोध्याय, अध्यक्ष रमाशंकर कटारे, महामंत्री राजेंद्र प्यासी, कार्यकारी अध्यक्ष राकेश पाठक,शरद दुबे कुररिया, हरीश मनोध्याय, नीलेश चौबे जी के द्वारा किया गया इसके पश्चात लीला प्रारंभ हुई ।भगवान श्री राम के द्वारा सुबाहु का वध किया गया एवं ऋषि विश्वामित्र के साथ श्रीराम ने जनकपुरी की ओर प्रस्थान किया। मार्ग में गौतम ऋषि के आश्रम में बड़ी शिला मिली प्रभु श्री राम ने उसे अपने चरणों से स्पर्ष कर अहिल्या जी का उद्धार किया और जनकपुरी पहुंचे। गंगा तट पर स्नान कर पन्डों से प्रसन्न हुए तत्पश्चात प्रभु पुष्प वाटिका पहुंचे उसी समय माता सीता गौरा मैया का पूजन करने वहां पहुंची पुष्प वाटिका में प्रभु श्री राम का सीता माता से प्रथम मिलन हुआ। पात्र मंचन में निदेशक राजेश मिश्रा, राम- दीपक तिवारी, सीता -आराध्य भारद्वाज, लक्ष्मण -केशव गिरी गोस्वामी, पंडा प्रसंग में मोती शिवहरे,मुकेश मिश्रा विश्वामित्र- श्याम मिश्रा के अभिनय को सभी ने तहे दिल से सराहा।

# रानी कमलापति-रीवा- के मध्य चलेंगी दुर्गा पूजा स्पेशल

**जबलपुर, यशभारत।** रेल प्रशासन द्वारा दुर्गापूजा पर्व के अवसर पर यात्रियों की सुविधा के लिए पूजा स्पेशल गाड़ियाँ चलाने का निर्णय लिया गया है। इसी कडी में गाडी संख्या 02189/02190 रानी कमलापति-रीवा-रानी कमलापति के मध्य दुर्गा पूजा स्पेशल ट्रेन एक-एक ट्रिप चलाने का निर्णय लिया गया है। मुख्यालय द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि गाडी संख्या 02189 रानी कमलापति-रीवा सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन 30.09.2022 को रानी कमलापति स्टेशन से 22.15 बजे प्रस्थान कर, 23.08 बजे विदिशा पहुँचकर, 23.10 बजे विदिशा से प्रस्थान कर, अगले दिन 00.20 बजे बीना पहुँचकर, 00.25 बजे बीना से प्रस्थान कर, 01.30 बजे सागर पहुँचकर, 01.35 बजे सागर से प्रस्थान कर, 02.40 बजे दमोह पहुँचकर, 02.45 बजे दमोह से प्रस्थान कर, 04.10 बजे कटनी मु?वारा पहुँचकर, 04.15 बजे कटनी मु?वारा से प्रस्थान कर, 05.35 बजे मैहर पहुँचकर, 05.37 बजे मैहर से प्रस्थान कर, 06.15 बजे सतना पहुँचकर, 06.20 बजे सतना से प्रस्थान कर, 07.20 बजे रीवा स्टेशन पहुँचेगी। इसी प्रकार गा?ी संख्या 02190 रीवा-रानी कमलापति सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन दिनांक 01.10.2022 को रीवा स्टेशन से 18.50 बजे प्रस्थान कर, 19.55 बजे सतना पहुँचकर, 20.00 बजे सतना से प्रस्थान कर, 20.28 बजे मैहर पहुँचकर, 20.30 बजे मैहर से प्रस्थान कर, 21.50 बजे कटनी मु?वारा पहुँचकर, 21.55 बजे कटनी मुड़वारा से प्रस्थान कर, 23.28 बजे दमोह पहुँचकर, 23.30 बजे दमोह से प्रस्थान कर, अगले दिन 00.38 बजे सागर पहुँचकर, 00.40 बजे सागर से प्रस्थान कर, 01.55 बजे बीना पहुँचकर, 02.00 बजे बीना से प्रस्थान कर, 03.00 बजे विदिशा पहुँचकर, 03.02 बजे विदिशा से प्रस्थान कर, 04.30 बजे रानी कमलापति स्टेशन पहुँचेगी।कोच कम्पोजीशन *- इस गा?ी में 01 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 01 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 12 शयनयान श्रेणी, 04 सामान्य श्रेणी, 01 जनरेटर कार, एवं 01 एसएलआरडी सहित कुल 20 कोच रहेंगे।



# पंकज चौकसे जी को राष्ट्रीय बजरंग सेना के राष्ट्रीय महामंत्री बनाये जाने पर किया सम्मानित




**गोटेगांव, यशभारत।** संकट मोचन हनुमान मंदिर मैं बजरंग सेना नर्मदाखण्ड महाआरती समिति के सदस्यों द्वारा संकट मोचन हनुमान मंदिर में हनुमान लला की महाआरती के पश्चात समिति के सभी सदस्यों द्वारा पंकज चौकसे जी को राष्ट्रीय बजरंग सेना के राष्ट्रीय महामंत्री बनाये जाने पर चन्दन रोरी का तिलक कर फूलमाला पहनाकर आत्मीय स्वागत किया जिसमे बद्रीप्रसाद चोकसे पंकज चौकसे नर्मदा प्रसाद गुप्ता दीपक सराठे रघुनाथ राय कन्छेदी पटेल अभिषेक दुबे रानू मंगलम नीरज सोनी मुकेश ठाकुर नारायण दुबे कृष्णकुमार विश्वकर्मा मनीष मिश्रा टोनी राजपूत कृष्णकुमार राजपूत कमल राजपूत नवीन सोनी मनोज नामदेव राकेश चौकसे संजय नेमा बबलू पटेल निहाल अग्रवाल राजेन्द्र दुबे रामबालक बैद्य कमल स्वामी अशोक विश्वकर्मा सालिगराम साहू नीरज दुबे विजेंद्र ठाकुर अक्षत सराठे अनुज ठाकुर उपस्थित रहे।



# काग्रेंस ने निकाली भारत जोड़ो पद यात्रा

## ब्लाक काग्रेंस कमेटी का आयोजन

**सिहोरा, यशभारत।** महंगाई, बेरोजगारी जैसे ज्वलंत मुद्दों से देश के आमजन का ध्यान हटाकर जाति धर्म के नाम पर समाज में नफरत फैलाकर देश की अर्थव्यवस्था को चौपट किया जा रहा है। आज समाज का हर वर्ग अपने आपको ठगा सा महसूस कर रहा है। गाँधी के सपनों के भारत को तहस नहस करने का जो केन्द्र की भाजपा सरकार द्वारा प्रयास किया जा रहा है उसे रोकने सांसद राहुल गाँधी ने भारत जोड़ो पदयात्रा प्रारंभ की है। उक्ताशय के विचार ग्राम खमरा से फनवानी के बीच भारत जोड़ो यात्रा के समापन पर आयोजित आमसभा में मध्यप्रदेश काग्रेंस कमेटी उपाध्यक्ष श्रीमती जमुना मरावी ने व्यक्त किए। कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व विधायक नित्य निरंजन खम्परिया,जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष राजेश पटैल,जिला पंचायत उपाध्यक्ष विवेक पटैल,ब्लाक संगठन प्रभारी गुलाब यादव,पार्षद राजेश चौबे, श्रीमती ममता गोटिया,श्रीमती अलका डेंगरे,ब्लाक कॉग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रवीण पाठक ने उपस्थित पार्टी कार्यकर्ता एवं आम जनों को सम्बोधित करते हुए केन्द्र व राज्य की वर्तमान भाजपा सरकार की जन विरोधी नीतियों का उल्लेख करते हुए आडे हाथों लिया। उक्त भारत जोड़ो पदयात्रा कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती अंजली गोलू पाण्डेय, जनपद सदस्य राजकुमार पटैल, शील कुमार पटेल,राजा पटैल, शिवचरण कुशराम,सरपंच कपिल देव कोरी, नारायण पटैल,मोहन मिश्रा,राकेश चौधरी, सत्येन्द्र पटैल, राजेश दाहिया, आजाद कुर्मी, नीरज पाठक, कार्यक्रम संयोजक नवीन शुक्ला,युवक कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष राहुल पाण्डेय,शम्भु पटैल, शंकर वंशकार,कार्यवाहक अध्यक्ष जगदीश सैनी,दिनेश पाण्डे,रवि सोनी सहित अनेक ग्रामीण काग्रेंस कार्यकर्ताओं ने जोश व उत्साह के साथ पदयात्रा में शामिल होकर सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ आवाज बुलन्द की।

## हिंदी शुद्ध लेखन प्रतियोगिता में 65 प्रतिभागी हुए शामिल

# 29 सितंबर को होगा राजभाषा पखवाड़े का समापन



**जबलपुर, यशभारत।** हिंदी दिवस 2022 के उपलक्ष्य में पश्चिम मध्य रेलवे, मुख्यालय में दिनांक 14 से 29 सितंबर तक राजभाषा पखवा? का आयोजन किया जा रहा है। पश्चिम मध्य रेलवे, मुख्यालय के विभागों में राजभाषा प्रयोग-प्रसार के लिए अनुकूल वातावरण निर्मित करने और कर्मचारियों एवं अधिकारियों को राजभाषा हिंदी के प्रयोग हेतु प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से अपर महाप्रबंधक एवं मुख्य राजभाषा अधिकारी, शोभन चौधुरी के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए राजभाषा एवं सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी, हिंदी निबंध, हिंदी-वाक, टिप्पण एवं प्रारूप लेखन, शुद्ध हिंदी लेखन, हिंदी आशुलिपिक लेखन, हिंदी काव्य पाठ आदि प्रतियोगिताओं तथा विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यालय में इसी क?ी में दिनांक 22 सितंबर को हिंदी शुद्ध लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यालय के अधिकारी/कर्मचारी ब?ी संख्या में उत्साह से भाग लिया। इस प्रतियोगिता में 65 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं अपर महाप्रबंधक शोभन चौधुरी ने कर्मचारियों के उत्साह की सराहना की और अपने दैनिक सरकारी कामकाज में राजभाषा हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग करने का आव्हान किया। इस अवसर पर उप मुख्य राजभाषा अधिकारी बसंत कुमार शर्मा ने सबको हिंदी दिवस की बधाई दी और राजभाषा अधिकारी राज रंजन श्रीवास्तव ने सबका आभार व्यक्त किया। इसी तारतम्य में 26 सितंबर को हिंदी आशुलिपि लेखन, 27 सितंबर स्वरचित हिंदी काव्य पाठ, 28 सितंबर को अधिकारी प्रश्न मंच प्रतियोगिता और 29 को क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का आयोजन किया जाएगा राजभाषा पखवा? का समापन समारोह महाप्रबंधक, सुधीर कुमार गुप्ता के मुख्य आतिथ्य में 29 सितंबर को सतपु?ा रेल क्लब में किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्यालय तथा कारखानों में हिंदी का सर्वाधिक एवं सराहनीय प्रयोग करने वाले कार्यालयों को मुख्य राजभाषा अधिकारी की राजभाषा शील्ड प्रदान की जाएगी और मुख्यालय, मंडलों तथा कारखानों में हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को महाप्रबंधक के कर-कमलों द्वारा राजभाषा पुरस्कार प्रदान किये जाएंगे। इसके अलावा, पखवा? के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में सफल कर्मचारियों को भी पुरस्कृत किया जाएगा। राजभाषा पखवा?ा समापन समारोह के अवसर पर एक हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस कवि सम्मेलन हेतु प्रतिष्ठित कवियों को आमंत्रित किया गया है।



# अन्तर मंडलीय फुटबॉल प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरित

**जबलपुर, यशभारत।** पश्चिम मध्य रेलवे खेलकूद संघ द्वारा सुधीर कुमार गुप्ता महाप्रबंधक पश्चिम मध्य रेलवे के मुख्य आतिथ्य में अंतर मंडलीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन रेलवे स्टेडियम में किया गया इस प्रतियोगिता में जबलपुर मंडल एवं मुख्यालय के मध्य फाइनल मैच 24 सितंबर 2022 को खेला गया इस मैच में जबलपुर मंडल ने 1-0 से जीत हासिल कर अंतर विभागीय प्रतियोगिता में विजेता बनने का गौरव हासिल किया इस अवसर पर शोभन चौधुरी अपर महाप्रबंधक, मुकुल शरण माथुर पीसीओएम, डॉ राकेश कुमार गुप्ता पीसीईई, आर एस सक्सेना पीसीएमई, ओ पी तवर पीसीएसओ, डॉ आशुतोष गर्ग महासचिव पश्चिम मध्य रेल खेलकूद संघ, दीपक कुमार गुप्ता एडीआरएम जबलपुर, राहुल जयपुरियार सचिव महाप्रबंधक, राहुल श्रीवास्तव सीपीआरओ, श्री अभिराम खरे मंडल खेलकूद अधिकारी जबलपुर विशेष रूप से उपस्थित थे इस प्रतियोगिता में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट ओम प्रकाश रजक रहे तथा सुभाष डोमे फुटबॉल में उनके विशेष योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

# कार्यकर्ता पूर्ण आत्मविश्वास के साथ चुनाव मैदान में उतरें और घर-घर संपर्क करें: विष्णुदत्त शर्मा




**सिवनी लखनादौन,यशभारत।** देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत के स्वाभिमान, गरीबो के कल्याण के लिये पूरी संकप शक्ति के साथ कार्य कर रहे है आज पूरे देश और प्रदेश में विकास की बयार बह रही है जनकल्याण की योजनाओं का सीधा लाभ हितग्राहियों को पहुँच रहा है और इसी कारण पूरे देश एवं प्रदेश में आम जनता का भारी समर्थन भाजपा को प्राप्त हो रहा है विकास और जनकल्याण की योजनाएँ भाजपा की ताकत है । इसी ताकत के आधार पर भाजपा को ग्राम निकाय और पिछले दिनों संपन्न नगरीय निकाय चुनाव में बड़ी सफलता प्राप्त हुई है । पार्षदों के चुनाव में भाजपा को 53 प्रतिशत से अधिक मत प्राप्त हुये है । आगामी 27 सितंबर को होने वाले लखनादौन नगर पंचायत चुनाव में भी भाजपा को सभी 15 वार्डो 51 प्रतिशत से अधिक वोट हासिल करने की रणनीति बनाना है । उक्ताशय की बात भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त जी शर्मा ने लखनादौन नगर पंचायत चुनाव में भाजपा के अधिकृत प्रत्याशियों के समर्थन में नगर के पप्पी लॉन में कार्यर्त्ताओं को संबोधित करते हुये कही। श्री शर्मा ने कहा कि वार्ड का रणनीतिकार और वार्ड का चाणक्य कार्यकर्त्ता होता है उसे ही भाजपा के प्रत्याशियों को जिताना है और भाजपा के पक्ष में 51 प्रतिशत से अधिक मतदान कराना सुनिश्चित कराना है । श्री शर्मा ने आगे कहा कि लखनादौन में भाजपा का विधायक नहीं है इसलिये नगर विकास के लिये आवश्यक है कि नगर पंचायत के सभी 15 वार्डो में भाजपा के प्रत्याशी जीते और नगर का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके । श्री शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने मध्यप्रदेश में संकल्प लिया है कि हर बूथ पर चुनाव जीतना है, इसलिए हमारा लक्ष्य हर बूथ पर 51 प्रतिशत वोट लाना है। भाजपा को सभी बूथों में 51 प्रतिशत वोट कैसे मिले, इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए बूथ कार्यकर्ताओं को कुशल रणनीति के साथ अपने अपने बूथ पर कार्य करना है। हम बूथ पर जितना अधिक माइक्रो मैनेजमेंट करेगें उतने अधिक वोट हमें मिलेंगे। पार्टी प्रत्याशी और कार्यकर्ता पूर्ण आत्मविश्वास के साथ चुनाव मैदान में उतरें और घर-घर जाकर संपर्क करें, निश्चित तौर पर जीत हमारी है।

### भाजपा बूथ कार्यकर्ताओं की मेहनत से चुनाव जीतती है

श्री शर्मा ने लखनादौन में कार्यकर्ता सम्मेलन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी बूथ-बूथ पर बैठे अपने कार्यकर्ताओं की मेहनत के बल पर ही चुनाव जीतती है, क्योंकि हमारे यहां पार्टी का कार्यकर्ता ही चुनाव लडता है और कार्यकर्ता ही चुनाव जीतता है। जिले के प्रभारी मंत्री ओमप्रकाश सखलेचा ने कहा कि विकास नाम ही भाजपा है और विकास के आधार पर ही हमें लखनादौन नगर पंचायत में चुनाव जीतना है हमारी जीत इतनी बड़ी हो कि प्रदेश में इसका नाम हो। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक दुबे ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में कहा कि वीडी शर्मा जी जब प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष बने थे तब प्रदेश में कांग्रेस की सरकार थी जो बाद में गिर गयी और चौथी बार भाजपा की सरकार बनी इस समय में प्रदेश कोरोना जैसी महामारी की चपेट में था हमारे प्रदेश अध्यक्ष जी एवं मुख्यमंत्री जी ने प्रदेश में जिस तेजी के साथ कोरोना काल में कार्य किया वह सेवा का अनूठा उदाहरण था भाजपा हर आपदा के समय पूरी ताकत से कार्य करने वाल दल है सत्ता के माध्यम से सेवा के संकल्प को पूरा करने का काम भाजपा ही करती है । सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन ने कहा कि इस नगर पंचायत में मैं स्वयं अध्यक्ष रहा हूँ इसके पश्चात मेरी माँ और मेरे भाई ने अध्यक्ष पद पर काम किया है इन कार्यकालों में लखनादौन नगर विकास में भाजपा का बड़ा योगदान रहा है विकास की गति को तेज करने के लिये आवश्यक है कि नगरपंचायत में भाजपा की ऐतिहासिक जीत हो सभी 15 वार्डो में पार्षदों को जिताये और भाजपा अध्यक्षीय परिषद का गठन करें ।

कार्यक्रम में युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष वैभव पवार, भाजपा जिला संगठन प्रभारी सतानंद जी गोतम , बालाघाट सांसद डॉ. ढालसिंह बिसेन, केवलारी विधायक राकेश पाल सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मालती डहेरिय, पूर्व सांसद श्रीमती नीता पटेरिया, भाजपा के वरिष्ठ नेता वेद सिंह ठाकुर, लखनादौन चुनाव प्रभारी भाजपा जिला महामंत्री जयदीप सिंह चौहान, पूर्व विधायक नरेश दिवाकर, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रेम तिवारी, श्रीमती शशि ठाकुर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन, अशोक तेकाम, अजय डागोरिया, नवल श्रीवास्तव, कीरत सिंह बघेल, युवा मोर्चा मंडल प्रभारी लखनादौन अंकित साहू, मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा सर्वेश विश्वकर्मा, मंडल महामंत्री सौरभ तिवारी, सहित बड़ी संख्या में भाजपा के पदाधिकारी मोर्चा प्रकोष्ठों के पदाधिकारी कार्यकर्त्ता एवं आमजन उपस्थित रहे । कार्यक्रम के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष जी की अगवानी कार्यकर्त्ता ओं ने रैली के रूप में की प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक श्रीवास्तव के निवास भी पहुँचे और नगर के वार्ड क्रमांक 05 में वृक्षारोपण भी किया।



# दीप्ति शर्मा के मांकडिंग से बवाल

## तिलमिलाई इंग्लैंड की टीम, हरमनप्रीत कौर ने दिया करारा जवाब

**लंदन, एजेंसी।** ( भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने तीन वनडे मैचों की सीरीज के आखिरी मुकाबले में इंग्लैंड को 16 रन से हराकर सीरीज को 3-0 से अपने नाम कर लिया। यह महान तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी का आखिरी मैच था। दिन भर झूलन की चर्चा होती रही, लेकिन मैच के आखिरी समय में दीप्ति शर्मा के एक रनआउट को लेकर बात होने लगी। लॉर्ड्स में दीप्ति द्वारा नॉन-स्ट्राइकर एंड पर किया गया यह रनआउट मांकडिंग के जैसा था। दरअसल, मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय महिला टीम 45.4 ओवर में 169 रन पर ऑलआउट हो गई। जवाब में इंग्लैंड की टीम ने 43.3 ओवर में नौ विकेट पर 153 रन बना लिए थे। चारलोट डीन 47 और फ्रेया डेविस 10 रन बनाकर नाबाद थीं। 44वें ओवर की चौथी गेंद को करने से पहले दीप्ति शर्मा ने नॉन-स्ट्राइकर एंड पर खड़ी चारलोट डीन को रनआउट कर दिया। इंग्लैंड की टीम 16 रन से मैच हार गई।

### दीप्ति ने कैसा किया डीन को रनआउट?

दरअसल, चारलोट नियमों के खिलाफ जाकर गेंद फेंकने से पहले रन के लिए क्रीज से बाहर निकल चुकी थीं। कप्तान हरमनप्रीत कौर और गेंदबाज दीप्ति शर्मा ने दो-तीन बार उन्हें ऐसा करते हुए देख लिया था। दीप्ति जब चौथी गेंद डालने के लिए आगे बढ़ीं और क्रीज तक पहुंची तो उन्होंने देखा कि चारलोट डीन गेंद फेंकने से पहले ही आगे बढ़ चुकी हैं। दीप्ति ने गेंद नहीं फेंका और डीन को रनआउट कर दिया। पहले ऐसा करने पर इसे मांकडिंग कहा जाता था, लेकिन अब आईसीसी ने इसे नियमों में शामिल कर लिया है। बल्लेबाज गलत तरीके से अब लाभ नहीं उठा सकता।

### क्या कहते हैं आईसीसी के नियम?

आईसीसी ने इस साल मांकडिंग को लॉ 41.16 ( अनुचित ) खेल से रन-आउट नियम ( 38 ) में शामिल कर दिया था। आईसीसी के नियम 41.16.1 के मुताबिक, गेंदबाज के हाथ से गेंद छूटने से पहले अगर नॉन-स्ट्राइकर एंड का बल्लेबाज क्रीज से बाहर निकलता है तो उसे रनआउट किया जा सकता है। गेंदबाज थ्रो करके या अपने हाथ से विकेट में गेंद मार सकता है।

### हरमनप्रीत ने दिया शानदार जवाब

हार के बाद जब इंग्लैंड की कप्तान एमी जोन्स से इस रनआउट के बारे में पूछा गया तो उन्होंने भारत की खेल भावना पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा, इस तरह से मैच का समापन होना दुखद है। इसे लेकर सबके अपने विचार हैं। मैं इस नियम की प्रशंसक नहीं हूं। मुझे नहीं पता कि भारतीय टीम इसे कैसे देखती है। एमी जोन्स के इस बयान के बाद लॉर्ड्स में बैठे इंग्लैंड के फैंस तालियां बजाने लगे और भारतीय खिलाड़ियों की हूटिंग करने लगे। जब भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर से इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने पहले इस सवाल को टालने का प्रयास किया, लेकिन दोबारा पूछने पर कराबा जवाब दिया। हरमनप्रीत ने कहा, मैंने सोचा था कि आप पहले नौ विकेटों के बारे में पूछेंगे क्योंकि उन्हें लेना भी आसान नहीं था। मुझे नहीं लगता कि हमने कुछ नया किया है। मुझे लगता है कि यह आपकी जागरूकता को दिखाता है कि बल्लेबाज क्या कर रहे हैं। मैं अपने खिलाड़ी का समर्थन करूंगी क्योंकि मुझे नहीं लगता कि उसने कुछ ऐसा किया है जो आईसीसी के नियमों में नहीं है। हरमनप्रीत के जवाब के बाद भारतीय फैंस ने जमकर तालियां बजाई।

## जीत के साथ भारतीय टीम ने झूलन को दी विदाई



भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने इंग्लैंड को लॉर्ड्स में खेले गए तीसरे वनडे में 16 रनों से हराकर वनडे सीरीज में क्लीन स्वीप कर लिया है। इंग्लैंड की सरजमीं पर भारत को पहली बार वनडे में क्लीन स्वीप करने में कामयाबी मिली है। वहीं दिग्गज झूलन गोस्वामी का ये आखिरी इंटरनेशनल मैच था। इस मैच के खत्म होने के साथ उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 45.4 ओवर में 169 रन बनाए, इसके जवाब में इंग्लैंड की टीम 43.4 ओवर में 153 रन ही बना सकी। इस मैच में झूलन गोस्वामी ने 10 ओवर में 30 रन देकर 2 विकेट लिए। ओवर खत्म होने के बाद भारतीय खिलाड़ियों ने झूलन को बधाई दी और गले मिले। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 45.4 ओवर में सभी विकेट खोकर 169 रन बनाए हैं। भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही और टीम ने पावरप्ले के अंदर ही तीन विकेट गंवा दिए थे। सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने पारी को कुछ देर संभालकर रखा, लेकिन वह भी 79 गेंद में 50 रन बनाकर पवेलियन लौट गई। शेफाली वर्मा, यास्तिका भाटिया खाता भी नहीं खोल सकीं। कप्तान हरमनप्रीत कौर 9 गेंद में 5 रन बनाकर आउट हुई। हालांकि दीप्ति शर्मा ने अर्धशतक लगाकर भारत को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। दीप्ति 106 गेंदों में 68 रन बनाकर नाबाद रहीं। झूलन गोस्वामी का करियर- चकदा एक्सप्रेस के नाम से मशहूर झूलन गोस्वामी दुनिया की सबसे तेज गेंदबाज और सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाज हैं। 6 जनवरी 2002 को इंटरनेशनल डेब्यू करने वाली झूलन ने 19 साल के करियर में 284 मैचों में 355 विकेट चटकाए हैं। उनके नाम महिला विश्व कप में सबसे अधिक विकेट लेने का रिकॉर्ड हैं। उन्होंने 34 विश्व कप मैचों में 43 विकेट लिए हैं। वे विश्व कप में 2 बार 4 विकेट ले चुकी हैं। झूलन ने अपने इंटरनेशनल करियर में 1924 रन भी बनाए हैं। इसमें 3 फिफ्टी भी शामिल हैं।

# आज फेसबुक पर लाइव आएंगे धोनी फैंस के साथ शेयर करेंगे रोमांचक खबर



**नई दिल्ली, ईएमएस।** महेंद्र सिंह धोनी एक गुप्त जीवन जीना पसंद करते हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास के बाद रांची में वह एक सादगी भरी जिंदगी बिता रहे हैं। भारत के पूर्व कप्तान ने सोशल मीडिया से भी खुद को दूर रखा है और शायद ही कभी कोई फोटो पोस्ट करते हैं। धोनी लाइमलाइट से दूर रहते हैं और तभी नजर आते हैं जब फैंस उन्हें क्लिक करने में कामयाब होते हैं।

हालांकि, अब धोनी सोशल मीडिया पर धमाल करने को तैयार हैं। वह 25 सितंबर को सोशल मीडिया पर लाइव आएंगे। इसकी जानकारी खुद धोनी ने फेसबुक पर एक पोस्ट के जरिये दी है और खुलासा किया है कि वह दोपहर दो बजे प्रशंसकों के साथ कुछ रोमांचक समाचार साझा करेंगे। उम्मीद की जा रही है कि धोनी फेसबुक पर लाइव आएंगे। घोषणा किस बारे में है, इसकी जानकारी फिलहाल नहीं है। धोनी को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिए दो साल से भी ज्यादा का वक्त हो गया है।

हालांकि, वह अभी भी आईपीएल खेल रहे हैं। माना जा रहा है कि अगला आईपीएल धोनी का आखिरी आईपीएल हो सकता है। ऐसे में फैन्स को डर है कि कहीं धोनी संन्यास से जुड़ी कोई घोषणा नहीं कर दें। धोनी यह बता ही चुके हैं कि वह आईपीएल में अपने होम ग्राउंड यानी चेन्नई सुपर किंग्स के होम ग्राउंड पर आखिरी मैच खेलना चाहते हैं।

# रश्मिका मंदाना संग गोविंदा ने लगाए सामी सामी पर ठुमके, जुगलबंदी देख रह जाएंगे दंग



**नई दिल्ली एजेंसी।** पुष्पा फेम एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना को हाल ही में सुपरस्टार गोविंदा से मिलने का मौका मिला। गोविंदा और रश्मिका की जुगलबंदी देखकर फैंस के एक्साइटमेंट का ठिकाना नहीं रहा। दोनों ने साथ में स्टेज पर परफॉर्म भी किया और कहना होगा कि 90 के दशक के सुपरस्टार एक्टर गोविंदा आज भी हर गाने पर ऐसे परफॉर्म करते हैं कि देखने वाला बस देखता ही रह जाए।

### गोविंदा संग लगाए रश्मिका ने ठुमके

मौका था DID Super Moms के ग्रांड फिनाले का और गोविंदा भी बतौर मेहमान रश्मिका मंदाना के साथ सेट पर मौजूद थे। फिल्म पुष्पा में अल्लू अर्जुन के साथ फीमेल लीड रोल में नजर आई रश्मिका मंदाना का गाना Saami Saami सुपरहिट हो चुका है और यहां पर गोविंदा और रश्मिका ने इसी गाने पर जोरदार ठुमके लगाए।

### फैंस को पुष्पा पार्ट 2 का इंतजार

बता दें कि पुष्पा के बाद अब फैंस को अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा-2 का बेसब्री से इंतजार है। फिल्म का पहला पार्ट सुपरहिट रहा था और माना जा रहा है कि दूसरे पार्ट में भी रश्मिका मंदाना अपनी अदाओं का जादू चलाएंगी। साउथ की सुपरहिट एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना ने अब हिंदी फिल्मों में भी कदम जमाना शुरू कर दिया है।

# गुजराती गृहिणी का किरदार निभाएंगी माधुरी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री माधुरी दीक्षित आगामी स्ट्रीमिंग फिल्म मजा मा में एक गुजराती गृहिणी के रूप में एक में अपना किरदार निभाती दिखेंगी। फिल्म का ट्रेलर गुरुवार को मुंबई के जुहू इलाके में एक पांच सितारा होटेल में मीडिया के सामने जारी किया गया। फिल्म माधुरी दीक्षित को एक जटिल और निडर अवतार में प्रस्तुत करती है। फिल्म में अपने हिस्से के बारे में बात करते हुए, अभिनेत्री ने एक बयान में कहा कि वह फिल्म का हिस्सा बनने के लिए रोमांचित हैं। यह जटिल बारीकियों वाली भूमिका है जिसे मैंने पहले कभी नहीं निभाया है। उन्होंने उपस्थित मीडिया से कहा, मजा मा के साथ, मैं जिस चीज को लेकर सबसे ज्यादा उत्साहित हूं, वह है मेरा कैरेक्टर। यह जटिल बारीकियों के साथ एक भूमिका है जिसे मैंने पहले कभी नहीं निभाया है। ऐसा पहली बार होगा जब माधुरी गरबा की थाप पर डांस करती नजर आएंगी। फिल्म में गजराज राव, ऋत्विक भौमिक, बरखा सिंह, सृष्टि श्रीवास्तव, रजित कपूर, सिमोन सिंह, शीबा चड्ढा, मल्हार ठाकर और निनाद कामत भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

# रोहित शर्मा निर्णायक मुकाबले से ऋषभ पंत को कर सकते हैं बाहर



**नई दिल्ली एजेंसी।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीन मैच की टी20 सीरीज का दूसरा और निर्णायक मुकाबला हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जाना है। इस मैच में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा एक बार फिर प्लेइंग इलेवन में बदलाव कर सकते हैं। सीरीज का दूसरा मुकाबला नागपुर में खेला गया था। बारिश से बाधित यह मैच मात्र 8-8 ओवर का हुआ था जहां टीम इंडिया ने 6 विकेट से जीत दर्ज की थी। ओवर कम होने की वजह से रोहित शर्मा ने इस मैच में एक गेंदबाज कम खिलाकर प्लेइंग इलेवन में ऋषभ पंत को जगह दी थी, मगर हैदराबाद में हो सकता है कि रोहित एक बार फिर 5 गेंदबाजों के साथ मैदान पर उतरें। नागपुर टी20 में भारत जसप्रीत बुमराह, हर्षल पटेल, अक्षर पटेल और युजवेंद्र चहल के रूप में चार गेंदबाज लेकर मैदान पर उतरा था। वहीं हार्दिक पांड्या टीम में ऑलराउंडर की भूमिका निभाते हैं। रोहित शर्मा निर्णायक मैच में रिस्क नहीं लेना चाहेंगे और उनकी कोशिश हार्दिक पांड्या समेत कुल 6 गेंदबाजों के साथ मैदान पर उतरनी होगी। अगर वह एक अतिरिक्त गेंदबाज खिलाते हैं तो ऋषभ पंत का टीम से बाहर होना तय है।

# 'केटीना' को लेकर एक दिलचस्प अपडेट सामने आया

### बॉलीवुड प्रोड्यूसर एकता कपूर का अपकमिंग प्रोजेक्ट है


**मुंबई, ईएमएस।** बॉलीवुड प्रोड्यूसर एकता कपूर की अपकमिंग प्रोजेक्ट 'केटीना' को लेकर अपडेट सामने आया है। जानकारी के अनुसार, एकता कपूर के इस भारी भरकम पेडिंग प्रोजेक्ट में दिशा नहीं दिखाई देंगी। वहीं कास्ट के सलेक्शन के बाद से इस पर काम शुरू कर दिया जाएगा। अब 'केटीना' से संबंधित अपडेस की बात करें तो, पिंकविला की एक रिपोर्ट में बताया गया है कि प्रोजेक्ट के निर्माताओं ने 'केटीना' पर फिर से काम करने का फैसला किया है। आपको बता दें कि पहले ऐसी अफवाहें थीं कि एकता कपूरने इस पर काम नहीं करेंगी और इस तरह यह फिल्म ठंडे बस्ते में जा चुकी हैं। हालांकि अब ताजा अपडेट पर गौर करें तो निर्माताओं ने इस परियोजना को पुनर्जीवित करने का फैसला किया है क्योंकि यह एकता के लिए एक स्पेशल फिल्म है।रिपोर्ट में ये दावा किया गया है कि भले ही निर्माताओं ने इस पर काम करने का मन बना लिया है



लेकिन इस प्रोजेक्ट में अब दिशा पाटनी दिखाई नहीं देंगी। एकता कपूर द्वारा निर्मित इस फिल्म का निर्देशन राज शांडिलिया करेंगे। वहीं अब फिल्म में दिशा की जगह अब अनन्या पांडे और नुसरत भरुचा फिल्म की टीम ने अप्रोच किया है। फिल्म की स्टारकास्ट फाइनल होने के बाद इस पर काम शुरू कर दिया जाएगा। बता दें कि एकता कपूर ने 2019 में दिशा पाटनी के साथ इस 'केटीना' की घोषणा की थी। इसका ऐलान करते हुए प्रोड्यूसलर ने एक वीडियो शेयर किया था, जिसमें वह कई अंगूठियां पहने हुए नजर आ रही थीं और उन्होंने कहा था कि ये सब उन्हें एक ज्योतिषी ने बताया था।अपने और भी प्रोजेक्ट की तरह एकता ने इस प्रोजेक्ट्स का भी नाम 'के' से शुरू शब्द को चुना और इसका नाम 'केटीना' रखा।

# 'छेलो शो' पर इस फिल्म से प्रेरित होने के आरोप, चयन प्रक्रिया केंद्र को सौंपने की मांग

मुंबई ईएमएस। निर्देशक पैन नलिन की गुजराती फिल्म 'छेलो शो' ( द लास्ट शो ) को अगले साल होने वाले ऑस्कर पुरस्कार समारोह में भारत की तरफ से आधिकारिक प्रविष्टि के रूप में भेजने पर विवाद हो गया है। फेडरेशन ऑफ वेस्टर्न इंडिया सिने एम्प्लॉइज ( एफडब्लूआईसीई ) ने इस फिल्म को न सिर्फ एक विदेशी फिल्म बताया है बल्कि इसे एक अन्य विदेशी फिल्म 'सिनेमा पैराडिसो' की नकल भी बताया है। वहीं, ये पूरी प्रक्रिया संचालित करने वाली फिल्म फेडरेशन ऑफ इंडिया ( एफएफआई ) ने चयन प्रक्रिया को बिल्कुल दुरुस्त बताया है। लेकिन, एफएफआई के फिल्म 'छेलो शो' को 'सिनेमा पैराडिसो' से प्रेरित होने की संभावना भी जता देने से ये फिल्म ऑस्कर चयन के पहले ही दौर से बाहर हो सकती है।



### विदेशी फिल्म से प्रेरित फिल्म

ऑस्कर पुरस्कारों के लिए सबसे बड़ी कसौटी फिल्म की यही होती है कि फिल्म का विचार मूल होना चाहिए और पुरस्कारों के लिए प्रतियोगिता में शामिल हो रही कोई भी फिल्म किसी दूसरी फिल्म की न तो नकल होनी चाहिए और न ही किसी दूसरी फिल्म से प्रेरित होनी चाहिए। इसी के चलते हिंदी फिल्म 'गली बॉय' को स्करूटनी में ही बाहर कर दिया गया था क्योंकि इसे अंग्रेजी फिल्म '8एमएम' से प्रेरित माना गया था। यही गलती ऑस्कर के लिए फिल्म चुनने वाली फिल्म फेडरेशन ऑफ इंडिया की ज्यूरी ने इस बार भी कर दी लगती है। एफडब्लूआईसीई ने इस बारे में सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर को एक पत्र लिखकर फिल्म के चयन में हुई कथित अनियमितताओं की शिकायत की है।

### विदेशी कंपनी की बनाई फिल्म

शिकायत के मुताबिक फिल्म 'छेलो शो' न सिर्फ एक विदेशी कंपनी की बनाई फिल्म है बल्कि इसका प्रदर्शन बीते साल ही हो चुका है। विकिपीडिया पर भी फिल्म के ट्रिबेका फिल्म फेस्टिवल में पहले प्रदर्शन की तारीख 10 जून 2021 लिखी है। एफडब्लूआईसीई का आरोप ये भी है कि ये फिल्म विदेशी फिल्म 'सिनेमा पैराडिसो' से प्रेरित है। इन आरोपों पर एफएफआई के अध्यक्ष टी पी अग्रवाल ने अपनी प्रतिक्रिया शनिवार को जाहिर की। अग्रवाल ने ज्यूरी के फैसले को सही बताया है। हालांकि, उन्होंने ये भी कहा कि फिल्म 'छेलो शो' कथित फिल्म की नकल नहीं है, हां उससे प्रेरित हो सकती है।

### किशोर के सुनहरे सपनों की कहानी

गौरतलब है कि फिल्म फेडरेशन ऑफ इंडिया की ज्यूरी हर साल देश की सारी भाषाओं की चुनिंदा फिल्मों में से किसी एक फिल्म को ऑस्कर पुरस्कार समारोह में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए भेजती है। इस साल ज्यूरी ने निर्देशक पैन नलिन की फिल्म 'छेलो शो' को भारत की आधिकारिक प्रविष्टि के रूप में चुना है। ये फिल्म एक किशोर के सिल्वर स्क्रीन के सपनों की कहानी कहती है। बीते साल अक्तूबर में इस फिल्म को वालाडोलिड इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में सर्वश्रेष्ठ फिल्म का गोल्ड स्पाइक अवार्ड मिल चुका है।

# जॉय स्कूल में फीस घोटाला

## मनमाने तरीके से बढ़ाई फीस कमा लिए डेढ़ करोड़?

### मप्र स्कूल निजी विद्यालय अधिनियम के तहत 10प्रश से अधिक फीस जिला शिक्षा समिति के अनुमोदन के बिना नहीं बढ़ा सकते

**जबलपुर, यशभारत। विजय नगर स्थित जॉय स्कूल का एक और कारनामा सामने आया है। स्कूल प्रबंधन ने स्कूल शिक्षा विभाग के नियमों के विपरीत जाकर फीस बढ़ाकर अवैध तरीके से डेढ़ करोड रुपए का मुनाफा कमा लिया। इसका खुलासा उस वक्त हुआ जब एक अभिभावक ने जिला शिक्षा अधिकारी को की गई शिकायत का जांच प्रतिवेदन आरटीआई लगाकर प्राप्त किया।**

अभिभावक का आरोप है कि जॉय स्कूल प्रबंधन ने मध्य प्रदेश निजी विद्यालय अधिनियम 2017 के खिलाफ जाकर कई गुना अवैध फीस की बढ़ोत्तरी कर दी। स्कूल में करीब 3 हजार विद्यार्थी है अंदाजा लगाया जा सकता है कि फीस बढ़ाकर स्कूल प्रबंधन ने अवैध तौर पर कितनी मुनाफाखोरी की होगी। **औसत 600 रूपए प्रतिमाह बढ़ाया गया-** अभिभावक का कहना है कि तीसरी कक्षा की फीस 2600 थी लेकिन उस बढ़ाकर 3200 कर दी गई है जबकि स्कूल शिक्षा अधिकार अधिनियम के तहत 10 प्रतिशत बढ़ाई जानी थी मतलब 2600 के 260 बढ़ाया जाना था। परंतु जॉय स्कूल प्रबंधन ने स्कूल शिक्षा विभाग के नियमों को दरकिनार कर फीस बढ़ाई और अभिभावकों में अतिरिक्त बोझ डाल दिया। शिक्षा विभाग तथा जिला प्रशासन अधिकारियों की भूमिका संदिग्ध अभिभावक का आरोप है कि जॉय स्कूल की लूट-खसूट में शिक्षा विभाग जबलपुर तथा जिला प्रशासन अधिकारियों की भूमिका संदिग्ध है। दरअसल फीस बढ़ोत्तरी की शिकायत शिक्षा विभाग अधिकारियों से की गई लेकिन जांच के नाम पर खानापूर्ति की जा रही थी तब जाकर अभिभावक के द्वारा उच्च स्तर पर भोपाल में शिकायत की गई तब जाकर किसी अधिकारी से जांच कराई गई और जांचकर्ता अधिकारी के द्वारा स्कूल को दोषी पाया गया लेकिन जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा आज तक कार्रवाई नहीं हुई। जानकर हैरानी होगी कि शिक्षा विभाग अधिकारी बताने को भी तैयार नहीं है कि क्या क्या कार्रवाई हुई जिसका बड़ा कारण इतना बड़ा फीस घोटाला है। और जिला शिक्षा अधिकारी के सह पर ही स्कूल जो कि 13 जनवरी को जांच उपरांत 2022 को दोषी पाया जा चुका है, पर जिला कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारी दोनों की तरफ से कोई कार्यवाही नहीं की गई, और इतना बड़ा कारनामा कोई भी निजी स्कूल इतने बड़े संरक्षण के बिना नहीं कर सकता।



**सुप्रीम कोर्ट और राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के निर्देशों का भी नहीं किया गया पालन**

भाजयुमो राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी बोले

# भारत जोड़ो यात्रा से राहुल गांधी के विचार स्पष्ट रूप से बाहर आ रहे हैं

**जबलपुर, यशभारत। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के भारत जोड़ो यात्रा पर भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या ने आज जबलपुर में कहा कि जब से राहुल गांधी की यात्रा शुरू हुई है, तब से उनके और पार्टी के विचार बाहर आ रहे हैं। तमिलनाडु में उन्होंने बयान दिया कि मेरा युद्ध राजनीतिक दल के खिलाफ नहीं भारत गणराज्य के खिलाफ है। वे पास्टर जॉर्ज पुनिया से मुलाकात कर रहे हैं। ये वही पास्टर हैं, जो मां भारती के विरुद्ध कहते आए हैं।**



राहुल गांधी उनसे मार्गदर्शन ले रहे हैं। राहुल गांधी केरल में आरएसएस के गणवेश को आग में डालने वाला फोटो ट्वीट करते हैं। इन सबसे उनके भारत के प्रति विचारों का पता चलता है। इन फोटो से वे क्या संदेश देना चाहते हैं। केरल में लगातार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ताओं पर हमले किए जा रहे हैं। पीएफआई के लोगों ने केरल में तोड़फोड़ और हंगामा मचाया। तेजस्वी ने कहा, इन सभी के पीछे राहुल गांधी का ट्वीट है।

भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या जबलपुर आज सुबह पहुंचे। उनके स्वागत में सैकड़ों युवा मोर्चा के कार्यकर्ता डुमना विमानतल पर स्वागत करने के लिए पहुंचे। सूर्या सांसद राकेश सिंह के निवास में उनसे मुलाकात कर रहे हैं। इसके बाद वे विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। पं दीनदयाल उपाध्याय जी की जन्म जयंती 25 सितंबर को भाजयुमो मध्यप्रदेश द्वारा चलाए जा रहे हरा-भरा मध्यप्रदेश अभियान में शामिल होने संस्कारधानी पहुंचे हैं। सांसद राकेश सिंह से मुलाकात के बाद तेजस्वी सूर्या बरगी रोड स्थित रानी दुर्गावती समाधि स्थल जाएंगे। उसके बाद उनका बरगी डैम में क्रूज की सवारी करेंगे।

# पत्थर पटककर मजदूर की नृशंस हत्या

### बाइक से लौट रहा था घर, सतधारा में सड़क किनारे मिली रक्त रंजिश लाश,

**जबलपुर, यशभारत।** मझगवां के सतधारा में आज रविवार सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया जब रोड किनारे बाइक सवार मजदूर की रक्त रंजिश लाश मिली। अज्ञात हत्यारों ने पत्थर पटक-पटक कर युवक की नृशंस हत्या कर दी और मौके से फरार हो गए। राहगीरों ने जैसे ही शव को देखा तो सन्न रह गए। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर, मर्ग कायम कर जांच में लिया है। पुलिस ने पूरे मामले की जानकारी देते हुए बताया कि आशीष चौधरी पिता नरोत्तम चौधरी 30 वर्ष देवरी सत्धारा का निवासी था। जो पिंटरई से मजदूरी कर घर लौट रहा था, तभी बीच रास्ते हमलावरों ने रोककर, युवक के सिर में पत्थर से दनादन वार कर, मौत के घाट उतार दिया और फरार हो गए। आज सुबह जब परिजनों ने सदधारा रोड किनारे युवक का शव देखा तो चीख पड़े। युवक की हत्या की खबर क्षेत्र में आग की तरह फैली और देखते ही देखते घटना



मौके से बरामद हुआ खूनी पत्थर, रोड के किनारे मिला लहूलुहान शव

### मचा हड़कंप, पहुंचा पुलिस दल

स्थल पर लोगों का हुजूम लग गया। मौके पर एफएसएल, डॉग स्क्वॉड और पुलिस बल पहुंचा है। जो बारीकी से मामले की पड़ताल कर रहा है।

**पास में ही पड़ा है रक्तरंजित पत्थर**

युवक के शव के पास लहूलुहान पत्थर पुलिस को मौके से बरामद हुआ है। वहीं पास में ही युवक की बाइक खड़ी हुई है। पुलिस परिजनों और आसपास के लोगों के कथन ले रही है। फिलहाल हर एंगल से मामले की जांच जारी है। अब पूरी पड़ताल के बाद ही मामले का खुलासा हो सकेगा।

महाकौशल का सबसे आधुनिक ICU,
जबलपुर में आपकी सेवा में 24 घंटे
LIFE CARE ICU, Mukherjee Hospital
Life Care ICU
हमारे यहां उपलब्ध विशेषज्ञों की टीम व सुविधाएं
डॉ अभिजीत मुखर्जी (वरिष्ठ हड्डी रोग एवं ट्रामा विशेषज्ञ)
डॉ प्रशांत कुशवाहा (वरिष्ठ न्यूरोसर्जन)
डॉ हर्ष सक्सेना (वरिष्ठ न्यूरोसर्जन)
डॉ हर्ष सक्सेना (वरिष्ठ न्यूरोसर्जन)
डॉ तरून नागपाल (वरिष्ठ न्यूरोलॉजिस्ट)
डॉ एम. चंसोरिया (वरिष्ठ ICU विशेषज्ञ)
डॉ नेहा चंसोरिया B.D.S, M.D.S. (वरिष्ठ दंत एवं जबड़ा रोग विशेषज्ञ)
डॉ विशाल वडेरा (वरिष्ठ किडनी रोग विशेषज्ञ)
डॉ अखिलेश पटेल (छाती एवं स्वांस रोग विशेषज्ञ)
सुविधाएं
हड्डी की चोट का इलाज व ऑपरेशन, सिर की चोट, हेड इन्जूरी, रीढ़ की हड्डी की चोटों का इलाज व ऑपरेशन, लकवा, मिर्गी एवं दिमागी बुखार का इलाज, जहरीली वस्तु का सेवन (Poison Unit), सर्पदंश उपचार, गंभीर लीवर की बिमारी, किडनी की बीमारी (पथरी), डायलिसिस सुविधा उपलब्ध, हर प्रकार के पेट के रोगों का ऑपरेशन, Burn Unit (जले हुए मरीजों का इलाज), महाकौशल के सबसे आधुनिक वेन्टीलेटर उपलब्ध, 24 घंटे डायलिसिस की सुविधाएं
1933, प्रेम मंदिर के पास, राइट टाउन, जबलपुर | 07614038666, 7049079825 | 9300920067

Roasted Food Junction
न्यू शो रूम
जनता साइकिल के बाजू से बड़ी ओमती चौक, जबलपुर
फ्रुट आयटम उपलब्ध
→रोस्टेट नमकीन →सत्तू →मूंगफल्ली की लइया →रोस्टेट ड्राई फ्रूड
→वेक्ड टोस्ट →करेला चिप्स →पीनट चिक्की →ड्राईभेल →बिस्केट
→फुल्की →रोस्टेड मूंगफल्ली →सिंधी पापड़→चने
AK's Special
मनोज संगतानी मो. 9301997304, 7987145201




स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा जनपक्ष प्रिंटिंग एवं पब्लिशिंग, गोपालबाग जबलपुर-2 से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन ( 0761 ) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085
डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2022-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com ( न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर )